CMYK

अधिकतम :36°C
न्यूनतम :22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, सोमवार 18 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 191 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2083 30 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कश्मीर के लिए संवाद ही एकमात्र रास्ता: महबूबा मुफ्ती पेज 2



बेंगलुरु आईपीएल-2026 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम खेल टाइम्स



राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान: योगी पेज 2



ढल रहा पश्चिमी देशों का वर्चस्वः गालिबाफ पेज 12

# त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस के दो कोच में लगी आग

**कोटा।** केरल के त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन आ रही राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो कोच में आग लग गई। यह घटना कोटा रेल मंडल के लूणी रिच्छा और विक्रमगढ़ आलोट रेलवे स्टेशन के बीच हुआ।

जैसे ही आग लगने की खबर आई, सभी यात्रियों को सुरक्षित ट्रेन से उतार लिया गया। यह घटना रविवार (17 मई 2026) को सुबह करीब 5:15 बजे हुई। आग ट्रेन के बी-1 कोच मेंऔर उसके पीछे लगे सेकंड लगेज कम वार्ड वैन में लगी थी। ट्रेन में आग लगने के समय कुल 68 यात्री सवार थे और राहत की बात यह रही कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है। आग लगने के बाद गार्ड ने तुरंत लोको पायलट को सूचना दी, जिसके बाद ट्रेन को रोक दिया गया और सभी यात्रियों को तेजी से कोच से बाहर निकाला गया। करीब 15 मिनट में पूरा कोच खाली करा लिया गया।



- कुछ ही समय में दोनों कोच जलकर नष्ट
- गार्ड ने लोको पायलट को सूचना दी
- 15 मिनट में 68 यात्री बाहर निकाले, सभी सुरक्षित

आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही समय में दोनों कोच जलकर लगभग पूरी तरह नष्ट हो गए। आग पर काबू पाने के लिए रेलवे की राहत और बचाव टीम मौके पर पहुंची। आसपास के स्टेशनों से भी कर्मचारी बुलाए गए और स्थानीय प्रशासन ने भी मदद की। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह ट्रेन सुबह करीब 3:45 बजे मध्य प्रदेश के रतलाम जंक्शन से रवाना हुई थी। इसका अगला स्टॉप सुबह 8:45 बजे कोटा जंक्शन पर था, लेकिन उससे पहले ही विक्रमगढ़ आलोट के पास यह हादसा हो गया।

# 20 हजार टन गैस लेकर भारत पहुंचा 'सिमी'



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भारी तनाव के बीच भारत के लिए रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर अच्छी खबर आई है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला एलपीजी मालवाहक जहाज 'सिमी' रविवार सुबह गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंच गया।

यह जहाज 13 मई को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के खतरनाक रास्ते से होकर गुजरा था। पश्चिम एशिया में पिछले 75 दिनों से जारी युद्ध की वजह से यह समुद्री मार्ग फिलहाल बेहद असुरक्षित बना हुआ है। इंडियन आयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) ने कतर के रास लफ्फान टर्मिनल से लगभग 20,000 टन रसोई गैस खरीदी थी, जिसे लेकर यह जहाज भारत आया है। जहाज पर सवार सभी 21 विदेशी चालक दल के सदस्य पूरी तरह सुरक्षित हैं। ओमान की खाड़ी में ईरानी नौसेना के कड़े पहरे और अमेरिकी नाकेबंदी के बीच इस जहाज को सुरक्षित निकालना एक बड़ी चुनौती थी। दुश्मन के रडार और निगरानी -शेष पृष्ठ दो पर

- दुश्मन के रडार और निगरानी तंत्र को चकमा देने के लिए जहाज ने ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम अस्थायी रूप से बंद कर दिया

# दिल्ली-NCR में CNG फिर महंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में गैस की आपूर्ति करने वाली इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने रविवार को सीएनजी के दाम एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दिए।

इससे पहले 15 मई को कंपनी ने सीएनजी की कीमतों में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की थी। दिल्ली में एक किलोग्राम सीएनजी रविवार से 80.09 रुपये की गई है। पहले इसकी कीमत 79.09 रुपये थी। दिल्ली के साथ ही आईजीएल ने नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, गुरुग्राम, रेवाड़ी, करनाल, कैथल, कानपुर, हमीरपुर, फतेहपुर, अजमेर पाली, राजसमंद, महोबा, बांदा, चित्रकूट, हापुड़, गौतमबुद्धनगर और ग्रेटर नोएडा में भी सीएनजी की कीमत एक-एक रुपये बढ़ा दी है। तीन दिन में सीएनजी की कीमतों में तीन रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि विशेष रूप से ऑटो और कैब आदि के किराए पर असर डाल सकती है। राष्ट्रीय राजधानी में सभी ऑटो रिक्शा और कैब अनिवार्य रूप से सीएनजी पर ही चलते हैं।

- तीन दिन में दूसरी बार बढ़े दाम, एक रुपये की हुई बढ़ोतरी

# पीएम मोदी आठ साल बाद स्वीडन दौरे पर

**एम्सटर्डम।** पीएम मोदी 8 साल बाद स्वीडन दौरे पर पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने साल 2018 में स्वीडन का दौरा किया था। उनके विमान के स्वीडन की सीमा में पहुंचते ही स्वीडिश फाइटर जेट्स ने उसे एस्कार्ट किया। इसका वीडियो भी सामने आया है।

स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन पीएम मोदी को रिसीव करने गोथेनबर्ग एयरपोर्ट पर पहुंचे। इसे दोनों देशों के मजबूत रिश्तों का प्रतीक माना जा रहा है। होटल पहुंचने पर पीएम मोदी की बंगाली तरीके से आरती उतारी गई। यह दौरा भारत और स्वीडन के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। इस दौरान व्यापार, तकनीक, रक्षा और ग्रीन एनर्जी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों की भी उम्मीद है। स्वीडन दौरे के दौरान पीएम मोदी भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात कर सकते हैं। इससे पहले मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान 11वीं सदी की ऐतिहासिक चोल ताम्र पट्टिकाओं को भारत लाने पर समझौता हुआ।



- स्वीडिश पीएम एयरपोर्ट पर रिसीव करने पहुंचे, होटल में बंगाली तरीके से आरती उतारी गई




CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में लू चलने की चेतावनी

**लखनऊ।** यूपी में एक बार फिर आसमान से आग बरस रही है, दिन में सड़कों पर यातायात काफी कम हुआ है। यूपी के दक्षिणी जिलों में हीट वेव चल रही है, गर्म हवा के थपेड़े लोगों को घरों में कैद होने को मजबूर कर रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग ने राज्य में लू चलने की चेतावनी जारी की है। उत्तर प्रदेश के 24 जिलों में लू चलने को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। ये 24 जिले हैं बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और आस पास के क्षेत्र। डा. अतुल सिंह ने बताया कि आगामी 4-5 दिनों के दौरान प्रदेश का मौसम मुख्यत: शुष्क रहेगा।

### गुरदासपुर ग्रेनेड मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए

**गुरदासपुर।** पंजाब पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस पंजाब ने गुरदासपुर में पिछले माह गीता भवन रोड के पास मिले हैंड ग्रेनेड मामले को सुलझाने का दावा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि तकनीकी इनपुट, सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए उन आरोपियों की पहचान की गई, जिन्होंने दुकान के पास हैंड ग्रेनेड फेंका था। जांच के दौरान एक आरोपी के घर से एक और हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे एक हैंडलर के निर्देशों पर काम कर रहे थे।

# मुसलमान न कभी झुका है, न झुकेगा: मौलाना मदनी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ इस्लाम को मिटाने वाले खुद ही मिट गए: जमीयत उलेमा ए हिंद

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक में मौलाना मदनी ने डर और नफरत की राजनी. तिश की निंदा की। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को धमकाया जा रहा है, संविधान का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने समान नागरिक संहिता, वंदे मातरम को अनिवार्य करने और मदरसों के खिलाफ कार्रवाई पर चिंता व्यक्त की। मौलाना मदनी ने कहा कि इस्लाम एक आसमानी धर्म है, उसे मिटाने वाले स्वयं मिट गए, लेकिन इस्लाम जीवित रहा और कयामत तक जीवित रहेगा।

उन्होंने पूर्व सोवियत रूस का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां सालों तक कम्युनिज्म को बढ़ावा देकर इस्लाम को समाप्त करने की कोशिश की गई। मस्जिदों और मदरसों पर प्रतिबंध लगाए गए, यहां तक कि सालों तक मस्जिदों से अजान की आवाज तक नहीं आई, लेकिन अंतत: दुनिया ने देखा कि सोवियत रूस स्वयं टूट गया और उसके मलबे से कई मुस्लिम देश अस्तित्व में आए। उन्होंने कहा कि तमाम अत्याचारों और दमन के बावजूद इस्लाम और मुसलमान दोनों कायम रहे।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान जमीयत के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि नफरत की राजनीति की जगह अब धमकी और डर की राजनीति ने ले ली है, जिसका मकसद सिर्फ मुसलमानों को डराकर यह एहसास दिलाना है कि अब उन्हें इस देश में शर्तों के साथ जीवन बिताना होगा। उन्होंने कहा कि जो ऐसा नहीं करेगा उसकी जगह जेल में होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की नई राजनीति कानून और संविधान की सर्वोच्चता पर गंभीर सवाल है। मौलाना मदनी ने आगे कहा कि हाल ही में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें खास तैर पर पश्चिम बंगाल और असम में खुलेआम चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गई, मुसलमानों को सार्वजनिक रूप से धमकियां दी गई। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद भी धमकियों का यह सिल. सिला जारी है। उन्होंने कहा कि किसी नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री का यह कहना कि मुसलमानों ने हमें वोट नहीं दिया, इसलिए हम उनका काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यह संविधान और लोकतंत्र दोनों का मजाक उड़ाने जैसा है। उन्होंने कहा कि संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देता है और लो. कतंत्र हर नागरिक को अपनी पसंद का नेता चुनने का अधिकार देता है। ऐसे में यदि कोई नागरिक किसी दल या नेता को वोट नहीं देता, तो यह कोई अपराध नहीं है, लेकिन आज की राजनीति में इसे भी अपराध बना दिया गया है।

# फतेहपुर नदी में डूबे छह युवक, चार की मौत

**फतेहपुर, वार्ता**



■ प्रशासन ने लोगों से नदी और तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की

जनपद के ललौली थाना क्षेत्र में रिंद नदी में नहाने गए छह दोस्तों में से चार की डूबने से मौत हो गई। दो युवकों को स्थानीय लोगों और गोताखोरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया है।

पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और लोगों से नदी-तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की है। सूचना मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची और मृतकों युवकों की पहचान में जुट गई। जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के तपनी गांव निवासी हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश, शान, निजाम और मोनू रविवार को नदी में नहाने पहुंचे थे। नहाते समय सभी युवक गहरे पानी की तरफ चले गए और डूबने लगे। युवकों को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने निजाम और मोनू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि हसीबुद्दीन, शाहिद, अंश और शान को नदी से बाहर निक. ाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। चार युवकों की एक साथ मौत की खबर मिलते ही परिवारों में कोहराम मच गया। गांव में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने चारों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं प्रशासन ने लोगों से नदी और तालाबों में सावधानी बरतने की अपील की है। एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि मौके पर पुलिस बल जाच पड़ताल करने में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि मृतकों के परि. जनों को घटना के बारे में सूचना दे दी गई थी, परिजन मौके पर पहुंचे हैं।

# कश्मीर के लिए संवाद ही एकमात्र रास्ता: महबूबा

**श्रीनगर, वार्ता**



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को पाकिस्तान के साथ नए सिरे से बातचीत की पुरजोर वकालत की।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ जुड़ने की सराहना करते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब इस क्षेत्र के जख्मों को भरा जाए और लोगों के बीच विश्वास बहाल किया जाए। श्रीमती मुफ्ती ने श्रीनगर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए पाकिस्तान के साथ बातचीत के पक्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की हालिया टिप्पणी का स्वागत किया और इसे एक सकारात्मक घटनाक्रम करार दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के साथ बात. चीत करना बहुत अच्छी बात है। श्रीनगर को जोड़ने वाले रास्ते फिर से खुलने चाहिए और जम्मू-कश्मीर से सुलह-सफाई की प्रक्रिया फिर से शुरू होनी चाहिए। उन्होंने नियंत्रण रेखा के पार व्यापार और यात्रा को फिर से शुरू करने का आह्वान किया, जिसमें विशेष रूप से मुजफ्फराबाद, उरी और रावलकोट के व्यापारियों को शामिल करने की बात कही गई। उन्होंने विश्वास बहाली के उपाय के तौर पर ईद से पहले हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग की। सुश्री मुफ्ती ने नागरिक क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की मौजूदगी कम करने और एनएचपीसी को सौंपे गए बिजली प्रोजेक्ट्स को वापस लौटाने की भी मांग की।

## राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान

# कांग्रेस ने हमेशा तुष्टिकरण का खेल बढ़ाया: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



■ सहजनवा विस क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बोले सीएम योगी

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राष्ट्रवाद के भाव से आचरण ही भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता की पहचान है।

उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान निर्मित हुआ और 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान अंगीकार किया। देश मे संसदीय प्रणाली लागू हुई पर, अभी पहला आम चुनाव भी नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण के जिन कारणों से देश का विभाजन हुआ था, उसे ही फिर से भारत की राजनीति का हिस्सा बनाना प्रारंभ कर दिया। अभी संविधान ठीक ढंग से लागू होना प्रारंभ ही नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण का खेल प्रारंभ किया। सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के सहजनवा विधानसभा क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी के संस्थापकों के मूल्यों और आदर्शों पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए शुचिंता और पारदर्शिता से आचरण और तदनुरूप कार्य करता है। कांग्रेस, सपा, राजद,टीएमसी, डीएमके या ऐसे ही भ्रष्टाचार में डूबे अन्य दलों के आचरण को सम्मान नहीं देता है, भाजपा कार्यकर्ता को समाज में सम्मान इसलिए मिलता है कि इस पार्टी कार्यकर्ता के आचरण में राष्ट्रवाद और भारतीयता का आचरण मिलता। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत पार्टी की जिला इकाई की तरफ से आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल प्रतिभागियों को 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से अनवरत आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया।

### जन समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता: मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जन समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान श्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार की प्रतिबद्धता है। अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75237.99
निफ्टी 23643.50
सोना 159110 प्रति 10 ग्राम
चांदी 271740 प्रति किलो

# वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को नई दिशा

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता फिलहाल दोबारा शुरू होती नहीं दिख रही है। इससे दुनिया भर में शेयर बाजार दबाव में हैं।

विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर समाधान नहीं निकलने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हो रहा है। निवेशकों के लिए यह एक बड़ा कारक है। अगले सप्ताह सेंसेक्स की कंपनियों आईटीसी और एनटीपीसी के अलावा तेल एवं गैस सेक्टर की चार बड़ी कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, इंद्रप्रस्थ गैस और गेल के तिमाही और वार्षिक परिणाम आने वाले हैं। इन आंकड़ों से पता चलेगा कि पश्चिम एशिया संकट के पहले एक महीने में इन कंपनियों पर कितना प्रभाव पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई का संसेक्स 2,090.2 अंक लुढ़ककर 75,237.99 अंक पर आ गया। सोमवार और मंगलवार को बाजार में बड़ी गिरावट देखी गई जबकि बुधवार और गुरुवार को लिवाली का जोर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 532.65 अंक यानी 2.20 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 23,643.50 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक में 2.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 4.56 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बीते सप्ताह टाइटन का शेयर 7.64 प्रतिशत लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 6.92 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 6. 21, इटरनल में 5.97, भारतीय स्टेट बैंक में 5.55, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 5.50, टीसीएस में 5.47 और इंफोसिस में 5.16 प्रतिशत की गिरावट रही।

### सोने-चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी में बदलाव

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की इंपोर्ट ड्यूटी में कुछ बदलाव किए गए हैं। बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिला है। आईबीजेए के आंकड़ों के मुता. बिक रविवार को देश के खुदरा बाजार में 24 कैरेट सोने की औसत कीमत 1 लाख 59 हजार110 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बनी हुई है। इसके अलावा शुद्ध चांदी यानी ट्रिपल नाइन फाइन सिल्वर की कीमत 2 लाख 70 हजार के पार होकर 2 लाख 71 हजार 740 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। जब आप अपने नजदीकी ज्वैलर के पास जाएंगे, तो इस बिल में मेंकिंग चार्जेस, लोकल टैक्स और 3 फीसदी जीएसटी भी जोड़ा जाएगा, जिससे आपके शहर में फाइनल रेट थोड़ा अलग हो सकता है। मुंबई में आज 24 कैरेट सोने का भाव 1 लाख 59 हजार 820 रुपए प्रति दस ग्राम है। वहीं 22 कैरेट सोना 1 लाख 45 हजार 585 रुपए और चांदी 2 लाख 71 हजार 250 प्रति किलो बिक रही है।

# चावल में रही साप्ताहिक तेजी, गेहूं चीनी नरम, तेलों में उतार-चढ़ाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल का औसत भाव बढ़ गया। वहीं, गेहूं और चीनी में गिरावट रही जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 68 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 12 रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

आटे का भाव भी 34 रुपये घटकर 3,256 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। सप्ताह के दौरान मूंग दाल की औसत कीमत 24 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 22 रुपये और तुअर दाल पांच रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल पांच रुपये सस्ती हुई। मसूर दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 115 रुपये और पाम ऑयल 82 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल 50 रुपये और सूरजमुखी तेल 20 रुपये फिसल गया। वहीं, वनस्पति 35 रुपये और सोया तेल 29 रुपये महंगा हो गया। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 30 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे.दाल. दलहन: दाल चना 7666.28 रुपये, मसूर काली 8080.32 रुपये, मूंग दाल 10185.98 रुपये, उड़द दाल 10844.96 रुपये, तुअर दाल 11199. 44 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2772.87 रुपये और चावल 3829.05 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3256.12 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**20 हजार टन..**

तंत्र को चकमा देने के लिए जहाज ने बुधवार को युद्ध क्षेत्र से गुजरते समय अपने 'ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम' (एआईएस) को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इस तकनीक की मदद से जहाज रडार की नजरों में आए बिना ईरान के लारक द्वीप के पूर्व में सुरक्षित पहुंचने में कामयाब रहा। इस पूरे ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए भारत सरकार के चार मंत्रालयों ने मिलकर काम किया। बंदरगाह और जहाजरानी मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय और पेट्रोलियम मंत्रालय के बीच दिन-रात चले बेहतरीन तालमेल की वजह से ही जहाज को किसी भी गोलाबारी से बचाकर सुरक्षित मार्ग दिया जा सका। मार्च की शुरुआत से अब तक इस रास्ते को पार कर भारत पहुंचने वाला यह 13वां जहाज है। इसके पीछे वियतनाम के ध्वज वाला एक और टैंकर एनवी सनशाइन भी आ रहा है, जो न्यू मैंगलोर बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है।

# नशा तस्करों के 33 अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में नशीले पदार्थों के तस्करों और भू-माफियाओं के खिलाफ प्रशासन और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 'नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान' के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए बिरपुर के बलोल खड़ इलाके में लगभग 50 कनाल सरकारी जमीन पर बने 33 अवैध ढांचों (पक्के निर्माण, कुल्ले और मवेशी शेड) को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस का दावा है कि ध्वस्त की गई जमीन की कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है। इनमें 8 कुख्यात नशीले पदार्थों के तस्करों के नार्को महल भी शामिल थे। पुलिस का कहना है कि अतिक्रमण करने वालों से लगभग 50 कनाल जमीन वापस ली गई, जिसकी कीमत करीब 60 करोड़ रुपये है। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस का कहना है कि इन अवैध रूप से बनाए गए ढांचों का इस्तेमाल हेरोइन को जमा करने, छिपाने और उनकी सप्लाई करने के लिए किया जा रहा था। यह इलाका लगातार निगरानी में था और यहां सक्रिय कई नशीले पदार्थों के तस्करों के खिलाफ 35 से ज्यादा एफआईआर दर्ज थीं। इसके बाद पुलिस और प्रशासन ने मिलकर ये कार्रवाई की है।

### बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द होगी शुरू

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू होगी। उन्होंने रविवार को वर्चुअल तरीके से बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री वैष्णव ने ट्रेन संख्या 16553/54 सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) बेंगलुरु लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के बाद इसे कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेलवे सम्पर्क को मज़बूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तरी कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगें अब पूरी की जा रही हैं। इस कघी में बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द ही शुरू की जाएगी। उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास पर ज़ोर दिया।

# त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ आग कैसे लगी और सुरक्षा में चूक कैसे हुई, इनका मांगा जवाब और की कार्रवाई की मांग

■ कांग्रेस ने इसे यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताया

त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) जा रही राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की घटना को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार और रेलवे प्रशासन पर सवाल उठाए हैं।

पार्टी ने इसे यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला बताते हुए तत्काल जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस पार्टी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि त्रिवेंद्रम-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस में आग लगने की बेहद भयावह तस्वीरें सामने आई हैं, जिसने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। पार्टी ने दो प्रमुख सवाल पूछे आग कैसे लगी? और सुरक्षा में कहां चूक हुई? कांग्रेस ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस तरह की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। पार्टी ने मोदी सरकार और रेलवे प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। गौरतलब है कि रविवार तड़के त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के बी-1 कोच में आग लग गई। घटना मध्य प्रदेश के रतलाम जिले में आलोट के पास लूणी रीछा और विक्रमगढ़ स्टेशन के बीच हुई। कोच में करीब 68 यात्री सवार थे। घटना के बाद दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ और करीब दो दर्जन ट्रेनें प्रभावित रहीं। हालांकि राहत की बात यह रही कि सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

### ग्रेट निकोबार परियोजना पर कांग्रेस ने जताई चिंता

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ग्रेट निकोबार परियोजना के मौजूदा स्वरूप पर राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुनर्विचार की आवश्यकता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरणीय नुकसान तथा आदिवासी अधिकारों के उल्लंघन की आशंका है। पार्टी का कहना है कि वह लगातार इस संबंध में सरकार को अवगत करा रही है, लेकिन उसकी चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम को पत्र लिखने के बाद अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक व्यावसायिक परियोजना को सुरक्षा जरूरतों के आधार पर उचित ठहराने की को. शिश कर रही है, जबकि इसके पर्यावरणीय प्रभावों तथा आदिवासी हितों पर पड़ने वाले असर को लेकर लगातार आलोचना हो रही है।

# लखनऊ में पुलिस ने वकीलों पर किया लाठीचार्ज

## अवैध चैंबरों पर बुलडोजर चलने का अधिवक्ता कर रहे थे विरोध, बढ़ा तनाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ में अवैध चैंबरों पर सुबह-सुबह पुलिस ने पहुंच कर बुलडोजर चला दिया जिससे वकील आक्रोशित हो गए। पुलिस बुलडोजर चला इस दौरान वकीलों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

वकीलों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस दौरान वकील और पुलिस के बीच भी हुई नोक जोक भी हुई वकीलों के द्वारा किए जा रहे हंगामा के दौरान हंगामा कर रहे वकीलों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। राजधानी में वकीलों के अवैध चैंबरों पर रविवार को बुलडोजर चला। हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई हुई। नगर निगम, पुलिस व जिला प्रशासन की टीमों ने सुबह से ही इन्हें तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान वकीलों ने जमकर नारेबाजी की।



पुलिस-प्रशासन से उनकी बहस भी हुई। इस दौरान हंगामा कर रहे वकीलों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। वहीं दूसरी तरफ एक वकील ने खुद को चैंबर में बंद कर लिया। उसने कहा कि हमे कोई नोटिस नहीं मिली है। सिर्फ चैंबर तोड़े जा रहे हैं। उसने चैंबर के अंदर फांसी लगाने की कोशिश की। बताते चलें कि हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य भवन व कचहरी के आसपास बने वकीलों के 240 अवैध चैंबर तोड़ने के लिए कहा था। इसके बाद नगर निगम ने नोटिस चस्पा किए थे। वकीलों को खुद अवैध चैंबर हटाने के लिए वक्त भी दिया था। इसकी मियाद पूरी होने के बावजूद इन चैंबरों को नहीं हटाया गया। इस पर बुलडोजर चलाया गया। वकीलों के हंगामे के आसार के मद्देनजर पीएसी बल भी तैनात की गई है। जिस जगह पर हमारे वकील बैठते थे, उस जगह को हटाया जा रहा है। अगर वे सभी चौंबर्स को गिराने से पहले बैठने के लिए कोई दूसरी जगह दे देते, तो यह ज़्यादा सही होता।

उन लोगों के चौंबर्स भी गिरा दिए, जिन्हें गिराने के लिए निशान भी नहीं लगाए गए थे। 72 चौंबर्स की पहचान की गई थी। उन्हें गिराने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था। लेकिन, उन्होंने उन खास चौंबर्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय, आम लोगों के चौंबर्स हटा दिए। इससे पहले नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि मुख्य रूप से स्वास्थ्य भवन चौराहे से चकबस्त चौराहे की सड़क पर, सदर तहसील व निबंधन कार्यालय, रेजिडेंसी से सीएमओ, स्वास्थ्य भवन से जिला सत्र न्यायालय की ओर सड़क पर अवैध चैंबर बनाए गए हैं। हालांकि, इससे पहले ही कुछ वकीलों ने कब्जा छोड़ दिया है। जिन लोगों ने सड़क, फुटपाथ, नाले-नालियों पर कब्जा कर चैंबर व फोटो कापी की दुकानें बनाई हैं, उनमें अधिकतर प्रभावी लोग हैं। गत वर्ष अक्तूबर में भी नगर निगम व पुलिस ने यहां 20 अवैध चैंबर तोड़े थे, लेकिन बाद में इन्हें फिर बना लिया गया।

## एक नजर

### अधिक मास में युवा महिला मंडल ने वृद्धाश्रम में वितरित किया जरूरत का सामान

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग युवा महिला मंडल की ओर से अधिक मास के पावन अवसर पर रामबाग रोड स्थित वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंडल की महिलाओं ने वृद्धजनों को खाने-पीने की सामग्री तथा दैनिक उपयोग का जरूरी सामान वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में मौजूद बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। युवा महिला मंडल की संयोजिका इंदु अग्रवाल ने कहा कि अधिक मास का समय दान-पुण्य और सेवा कार्यों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस पावन महीने में वृद्धजनों की सेवा करने का अवसर मिलना सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए, जिससे मानवता और सामाजिक सहयोग की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में महिलाओं ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उनका हालचाल जाना और उन्हें हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। मंडल की सदस्याओं ने कहा कि आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर संयोजिका इंदु अग्रवाल, अध्यक्ष प्रज्ञा अग्रवाल, उपाध्यक्ष मानसी अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, निमिषा अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, दीपिका, शुभा, शालिनी, प्रियंका सहित युवा महिला मंडल की अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।



### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में 45 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

**चन्दौसी।** तहसील चन्दौसी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़फतेहगढ़ में रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के ग्रामीणों और मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक चले इस स्वास्थ्य मेले में कुल 45 मरीजों का पंजीकरण कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। मेले में चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। प्रभारी चिकित्सक डॉ. साजिद अली ने बताया कि मेले के दौरान तीन गर्भवती महिलाओं सहित कुल 28 मरीजों की विभिन्न प्रकार की जांचें की गईं। इनमें टाइफाइड, मलेरिया, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी तथा शुगर की जांच प्रमुख रूप से शामिल रही। जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों को उचित उपचार और आवश्यक सावधानियां बताई गईं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान कर उपचार सुनिश्चित करना है। मेले में आने वाले मरीजों को निरूशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ़फतेहगढ़ में डॉ. साजिद अली, लैब टेक्निशियन नेत्रपाल मौर्य, वार्डबॉय अमित कुमार, स्टाफ नर्स शिल्पी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे और व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित किया।




### सिख समाज के लोगों ने किया अधिकारियों का शाल भेंट कर स्वागत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पुलिस चौकी का उद्घाटन करने आए अधिकारियों का सिख समाज ने शाल भेंट कर स्वागत किया। गुरुद्वारा सिंह साहब के संरक्षक सरदार कृपाल सिंह के नेतृत्व में सिख समाज का प्रतिनिधिमंडल नवनिर्मित पुलिस चौकी पर पहुंचा और वहां पर मौजूद जिलाधिकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक थाना प्रभारी निरीक्षक विधायक रामवीर सिंह आदि को शाल भेंटकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पुलिस की अच्छी कार्यशैली से कांठ क्षेत्र के लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर सरदार कृपाल सिंह सरदार कुलवंत सिंह सरदार ताजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



### सफाई कर्मचारियों के 17 साल पुराने वेतन भुगतान में गड़बड़ी का मामला एक बार फिर पटल पर आने से हड़कंप

**कांठ।** छजलैट ब्लाक में 60 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के वेतन भुगतान में गड़बड़ी का 17 साल पुराना मामला एक बार फिर सामने आ गया है। मंडल स्तर पर मामला दोबारा उठने के बाद पंचायत विभाग में हलचल तेज हो गई है। संयुक्त विकास आयुक्त, मुरादाबाद मंडल अरुण कुमार सिंह ने उपनिदेशक पंचायती राज को तीन दिन में पूरे प्रकरण की कार्रवाई रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। 60 सफाई कर्मचारियों के दो माह के वेतन से जुड़ा है। आरोप है कि कर्मचारियों के वेतन की धनराशि का गबन किया गया। उप्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह ने इस संबंध में आयुक्त को शिकायती पत्र देकर पूरे मामले की दोबारा जांच की मांग की थी। संयुक्त विकास आयुक्त ने साफ कहा गया है कि 31 मार्च 2026 को उपनिदेशक पंचायत को जांच के निर्देश दिए गए थे।

## चिंतन शिबिर में चलने का किसानों से आवाहन

**कांठ( शाह टाइम्स )**भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय आवाहन पर अगले माह 16, 17 18 जून को हरिद्वार में होने वाले 3 दिवसीय चिंतन शिविर के संबंध में आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह के नेतृत्व में तहसील अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह के साथ मिलकर समीप के गांवों के किसानों से चिंतन शिविर में चलने का आवाह्न किया एवं किसानों की समस्याओं को सुनकर अगले चिंतन शिवर से पहले सभी समस्याओं को संबंधित विभागों में पहुंच कर प्रत्येक किसान की समस्या का निवारण के लिए आश्वासन दिया। बताया गया कि चिंतन शिविर में पहुंचने के लिए आगामी 16 जून से पहले इसी तरह किसानों से मिलना जारी रहेगा। जन-जन से चर्चा करने के बाद बिजली की समस्या सबसे ज्यादा सुनने को मिली इसी संबंध में शीघ्र ही उप खण्ड अधिकारी कांठ के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करना होगा और यह जब तक रहेगा जब तक की समस्याओं का निवारण नहीं हो जाता।

इस मोके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह, चौधरी दर्शन सिंह बिश्नोई, सियाराम बिश्नोई, पंकज बिश्नोई, महेश ठाकुर, बलराज सिंह, भविष्य बिश्नोई, अरविंद बिश्नोई जॉनी, मास्टर संजीव कुमार, प्रफुल्ल सिंह, चरण सिंह ,आदिल अंसारी आदि मौजूद रहे।



## स्वस्थ नागरिक ही मजबूत राष्ट्र की पहचान: अब्दुल कुद्दूस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** स्टेट तकमीलुत्तिब कालेज एंड हास्पिटल्स की जानिब से मौलाना आज़ाद मेमो. रियल अकादमी के जनरल सेक्रेट्री डा. अब्दुल कुद्दूस हाशमी की सरपरस्ती में मोहल्ला पटवारी, कस्बा बिजनौर, लखनऊ में नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

कैंप इंचार्ज डा. सफिया लोखंडे ने कहा कि यूनानी चिकित्सा पद्धति केवल रोगों का इलाज ही नहीं करती, बल्कि संतु. लित खान-पान, परहेज़ और प्राकृतिक जीवनशैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी जागरूक करती है। डा. अब्दुल कुद्दूस हाशमी ने कहा कि आयुष पद्धति के अंतर्गत यूनानी चिकित्सा इंसानी मिज़ाज, रहन-सहन और प्राकृतिक उपचार पर आधारित है, जिसमें जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक औषधियों के माध्यम से रोगों को



दूर करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मधुमेह, बीपी, जोड़ों का दर्द, एलर्जी और तनाव जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, ऐसे में यूनानी चिकित्सा सुरक्षित और प्रभावी विकल्प बनकर सामने आ रही है। शिविर में लगभग 150 मरीजों की जांच कर उन्हें चिकित्सकीय सलाह दी गई तथा मुफ्त दवाओं का वितरण किया गया।

कैंप के आयोजन में प्रशिक्षु ज़ीनत जहां , मोहम्मद अदनान न शबाना इल्मी , तंजीम अहमद , अबीरा , मोहम्मद जमशेद , व मुश्ताक अली, हाफिज अरशद, हाफिज अकमल, मोहम्मद सुहैल, जिया लाल गौतम, मोहम्मद रियाज़, शोएब आदि का विशेष सहयोग रहा।

## वैश्विक संकट के बीच भारत में सबसे कम मूल्य वृद्धि: उपमुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर कांग्रेस और समा. जवादी पार्टी पर निशाना साधा है। भाजपा के प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेने के लिए प्रयागराज पहुंचे केशव ने कहा कि वैश्विक संकट के बीच भारत ने सबसे कम मूल्य वृद्धि की है।

कांग्रेस ने मोदी को महंगाई मैन कहे जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि इसका जवाब जनता आगामी चुनाव में देगी। कांग्रेस का बयान बेहद हास्यास्पद है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के पास कार्यकर्ता नहीं बल्कि गुंडे और माफियाओं की फौज है। सपा में कार्यकर्ताओं को कट्टा और बम बनाने का और दंगा कराने का प्रशिक्षण दिया जाता है। भाजपा के पास देश के लिए जान देने वाले समर्पित कार्यकर्ता है। पश्चिम बंगाल में 300 से अधिक कार्यकर्ताओं ने पार्टी के लिए बलिदान दिया है तब जाकर भाजपा वहां सत्ता में आई है।

कहा कि बिहार चुनाव के बाद अखिलेश यादव के हौसले पस्त हो गए थे। पश्चिम बंगाल चुनाव से उनको कुछ उम्मीद थी कि टीएमसी के जीतने के बाद कुछ उम्मीद की किरण दिखेगी लेकिन वह भी खत्म हो गई है। सपा मुखिया समेत उनके सारे कार्यकर्ता और पदाधिकारी मायूस हैं। अब कोई भी सपाई लाल टोपी और जालीदार टोपी में नहीं दिख रहा है। श्री मौर्य ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि देश बनाने के लिए काम करती है। उन्होंने विपक्षी दल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी के पास गुंडे, अपराधी, माफिया और दंगाई हैं, जबकि भाजपा के पास देवतुल्य कार्यकर्ता हैं, जिनका एकमात्र ध्येय मां भारती की सेवा करना है। डिप्टी सीएम रविवार को कैंटोनमेंट पैलेस में भाजपा प्रयागराज महानगर के दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि संगठन में प्रशिक्षण वर्ग का बहुत महत्व है और यह संगठन का मुख्य आधार है। यहां से जो सीखकर जाएं, उसे अन्य कार्यकर्ताओं में भी बांटें।

## चंद्रभान सिंह पुनः जिला अध्यक्ष और शशिलेंद्र कुमार यादव बने जिला मंत्री

● भारतीय मजदूर संघ का भव्य जिला सम्मेलन सम्पन्न

**मुरादाबाद।** भारतीय मजदूर संघ का भव्य जिला सम्मेलन आज बस स्टेशन स्थित संघ के क्षेत्रीय कार्यालय पर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह ने की तथा संचालन अरुण कुमार सिंह ने किया। सम्मेलन का आयोजन प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रजापति एवं विभाग प्रमुख अरुण गौड की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया । जिसमें सर्वसम्मति से जनपद मुरादाबाद की नवीन कार्यकारिणी का गठन हुआ।नवीन कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों को मनोनीत किया




गया। जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह (पुनः मनोनीत) कार्यकारी जिलाध्यक्ष तरुण पराशर जिला उपाध्यक्ष शुभम सिंह, एवं पी के भटनागर जिला मंत्री शशिलेंद्र कुमार यादवप्रचार मंत्री रविंद्र सिंहश्रमिक हितों के लिए संघर्ष का संकल्प पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर चंद्रभान सिंह ने सदन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु वे निरंतर संघर्षरत रहेंगे। जिला मंत्री शशिलेंद्र कुमार ने कहा कि जनपद के विभिन्न संगठनों और कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं को जिला प्रशासन के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर उनका समयबद्ध समाधान कराया जाएगा।

इस अवसर पर भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरा सम्मेलन उत्साह, संगठनात्मक एकता और श्रमिक हितों के संकल्प से ओत-प्रोत रहा।

## सड़क किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**भगतपुर।** रविवार को सड़क किनारे अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी, बही मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना भगतपुर क्षेत्र के अलीगंज-रोशनपुर मार्ग पर ग्राम पदिया नगला के पास सड़क किनारे एक अज्ञात शव पड़ा मिला। सुबह राहगीरों ने शव को देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई और जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।घटना की सूचना मिलते ही भगतपुर थाना पुलिस व क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की गंभीरता को देखते हुए



फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।थाना पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर दौड़ रहे स्कूल ई-रिक्शा

पीछे अतिरिक्त सीट लगाकर भी बैठाए जा रहे नौनिहाल

**चन्दौसी।** नगर में स्कूली बच्चों के परिवहन को लेकर गंभीर लाप. रवाही सामने आ रही है। विभिन्न स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने वाले ई-रिक्शाओं में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। इस स्थिति को देखकर अभिभावकों में चिंता और नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा के नाम पर स्कूलों द्वारा परिवहन शुल्क तो लिया जाता है, लेकिन सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कराया जा रहा। नगर के कई क्षेत्रों में सुबह स्कूल समय और छुट्टी के दौरान ई-रिक्शाओं में छोटे-छोटे बच्चों को बेहद असुरक्षित तरीके से बैठाकर ले जाया जाता है। कई ई-रिक्शाओं में निर्धारित क्षमता से दोगुने बच्चे बैठे दिखाई देते हैं। कुछ चालकों ने वाहन के पिछले हिस्से में अस्थायी सीटें लगाकर अतिरिक्त बच्चों को बैठाने की व्यवस्था कर रखी है। ऐसे में जरा सी चूक या सड़क पर अचानक ब्रेक



लगने की स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता है। हाल ही में बहजोई रोड स्थित चन्दौसी पब्लिक स्कूल के ई-रिक्शा में बच्चों को पीछे की ओर अतिरिक्त सीट लगाकर बैठाकर ले जाया जा रहा था। वाहन के पिछले हिस्से में बैठे बच्चे पूरी तरह असुरक्षित नजर आए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि वाहन अचानक मुड़ जाए, असंतुलित हो जाए या पीछे से कोई तेज रफ्तार वाहन आ जाए तो गंभीर दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल वाहनों की नियमित जांच कराई जाए और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों तथा संबंधित स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि प्रत्येक वाहन में बच्चों की संख्या निर्धारित होनी चाहिए तथा बच्चों को सुरक्षित बैठाने के लिए उचित व्यवस्था अनिवार्य की जाए। शहरवा. सियों का मानना है कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## नहाने गए सगे भाई गंगा में डूबे, तलाश में जुटे गोताखोर

**प्रयागराज।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के डांडी ग्राम निवासी अल्ताफ उद्दीन के पुत्र मोहम्मद काश (25) तथा मोहम्मद कैश (18) आज रविवार को गंगा नदी में नहाने गए थे। जहां वे डूब गये। इनकी तलाश में गोतोखोरों की टीम लगा दी गई है। नदी में नहाते वक्त मोहम्मद कास गहरे पानी में चला गया। छोटे भाई की जान बचाने के लिए बड़ा भाई मोहम्मद कास नदी में छलांग लगा दिया। दोनों गहरे पानी में समा गए। नदी के तट से गुजर रहे गांव के एक शख्स ने देखा कि बाइक खड़ी है और हवाई चप्पल पड़ी हुई है। र वह घर पहुंचा और जानकारी अल्ताप के परिजनों को दी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 22 हजार में 'बेटा' बताने के धंधे का भंडाफोड़

## हरियाणा की टीम ने धनौरा में खोला भ्रूण लिंग जांच का काला खेल

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** शनिवार को जो हुआ, उसने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की परतें उधेड़ दीं। जिस काम पर देशभर में कानूनी रोक है, जिस अपराध के खिलाफ करोड़ों रुपये खर्च

**■ छापा पड़ते ही मशीन लेकर भागा कथित संचालक**

कर जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, वही खेल मंडी धनौरा में कथित तौर पर खुलेआम चल रहा था। बेटा चाहिए?... 22 हजार लगेंगे... और फिर पोर्टेबल मशीन से कुछ मिनट में बता दिया जाता था बधाई हो, बेटा होगा। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि इस पूरे नेटवर्क का खुलासा अमरोहा के स्वास्थ्य विभाग ने नहीं, बल्कि करीब 200 किलोमीटर दूर हरियाणा के सोनीपत से आई पीसी-पीएनडीटी टीम ने किया। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग तब हरकत में आया, जब हरियाणा की टीम डिकॉय गर्भवती महिला के साथ मंडी धनौरा पहुंच चुकी थी।

टीम का दावा है की छापे के दौरान कथित संचालक गौरव कुमार उर्फ डॉ. रवि पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन लेकर छत के रास्ते फरार हो गया। मौके से दो महिलाओं को हिरासत में लिया गया, जबकि एक महिला भाग निकली। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों रवि पुत्र हरपाल सिंह निवासी मंडी धनौरा, नीलम पत्नी अनिल निवासी बागपत, गौरव कुमार उर्फ



डॉक्टर रवि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लेकिन पूरे घटनाक्रम के बाद सबसे बड़ा सवाल यही गूंज रहा है आखिर स्थानीय स्वास्थ्य विभाग कर क्या रहा था?

### ऐसे खुली बेटा बताने वाली डील....

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** हरियाणा के सोनीपत जिले के पीसी-पीएनडीटी नोडल अधिकारियों डॉ. दीपक कौशिक, डॉ. योगेश दहिया और डॉ. अनमोल प्रुथी को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि पश्चिमी यूपी में दलालों के जरिए भ्रूण लिंग जांच कराई जा रही है। सूत्रों के अनुसार, दलाल खासतौर पर उन महिलाओं को तलाशते थे जिनके पहले से बेटियां हैं। उन्हें पक्का लड़का बताने का लालच दिया जाता था। सूचना के बाद हरियाणा टीम ने पूरा जाल बिछाया। एक गर्भवती महिला को डिकॉय मरीज बनाया गया। महिला को दलाल नीलम के संपर्क में भेजा गया। पहले 32 हजार रुपये मांगे गए। बाद में डील 22 हजार रुपये में फाइनल हुई। यानी गर्भ में पल रहे बच्चे का लिंग बताने का बाकायदा रेट तय था।

### अंदर मिला चलता-फिरता अल्ट्रासाउंड सैंटर

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** ड्यूटी मजिस्ट्रेट राजपाल नायब तहसीलदार की मौजूदगी में मकान की तलाशी ली गई। डिकॉय महिला ने वही कमरा, वही बिस्तर और वही जगह पहचान ली जहां उसका अल्ट्रासाउंड किया गया था। तलाशी में टीम को मौके से अल्ट्रासाउंड जेली की बोतल, गौरव कुमार उर्फ डॉ. रवि का आईडी कार्ड, 18 हजार रुपये की डिकॉय रकम, कई दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य बरामद हुए। नोटों का मिलान पहले से तैयार सूची से कराया गया और पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी की गई।

### मेरठ से धनौरा तक फैला था नेटवर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** डिकॉय महिला को पहले मेरठ बुलाया गया। बाद में अचानक लोकेशन बदलकर मंडी धनौरा कर दी गई। होली पार्क के पास एक युवक बाइक लेकर पहुंचा। उसके साथ अल्का नाम की महिला थी। डिकॉय महिला को बाइक पर बैठाकर मून डिग्री कॉलेज के पास स्थित एक मकान में ले जाया गया। बताया जा रहा है कि मकान के अंदर पूरा सेटअप पहले से तैयार था। बिना पंजीकरण, बिना किसी मेडिकल रिकॉर्ड और बिना एफ फॉर्म भरे पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन से जांच की गई। कुछ ही मिनट बाद महिला से कहा गया बधाई हो... आपके घर बेटा होगा। यही वह क्षण था, जिसका बाहर इंतजार कर रही हरियाणा टीम को इंतजार था।

### लेकिन फिर हो गयी सबसे बड़ी चूक...

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** जैसे ही डिकॉय महिला ने इशारा किया, टीम ने मकान की तरफ बढ़ना शुरू किया। लेकिन इसी दौरान कथित संचालक गौरव कुमार उर्फ डॉ. रवि को भनक लग गई।बताया जा रहा है कि वह पोर्टेबल मशीन उठाकर छत के रास्ते भाग निकला। सबसे ज्यादा नाराजगी इस बात को लेकर है कि हरियाणा टीम को काफी देर तक स्थानीय टीम और प्रशासन का इंतजार करना पड़ा। अधिकारियों के अनुसार करीब आधे घंटे तक टीम मकान के बाहर खड़ी रही। इसी दौरान आरोपी को भागने का मौका मिल गया। अब सवाल उठ रहा है क्या स्थानीय स्तर पर समन्वय की कमी थी? या फिर किसी ने पहले ही सूचना लीक कर दी? हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन टीम के अधिकारियों की नाराजगी बहुत कुछ बयां कर रही थी।

# इरफान बने सैफी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** नगर के रहरा अड्डा स्थित एक निजी अस्पताल में अखिल भारतीय सैफी महासभा की चुनावी बैठक आयोजित की गई। जिसमें डा. इरफान सैफी को सर्वसम्मति से निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। निर्वाचन समिति के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए कुल चार उम्मीदवारों में इरफान सैफी, निजाम सैफी, नसरूदीन सैफी और शमशेर अली ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे। इससे पहले रिहान अहमद आदमपुर ने समाज की एकजुटता के लिए अपना नाम वापस ले लिया था। दस्तावेजों की जांच के दौरान शमशेर सैफी और नसरुद्दीन सैफी के आवेदन निरस्त कर दिये गये। क्योंकि वे निर्धारित शैक्षिक योग्यता पूरी नहीं करते थे। और उनका ट्विटर अकाउंट भी सक्रिय नहीं था। सभी मानक और योग्यताएं पूरी होने पर निर्वाचन समिति ने इरफान सैफी के नाम पर अंतिम मुहर लगाते हुए उन्हें प्रमाण पत्र सौंप दिया। इस अवसर पर समाज के वक्ताओं ने आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होने का आह्वान किया। प्रधान सद्दाम सैफी एडवोकेट ने कहा कि सभी जिम्मेदार लोग गलत फहमियों को दूर कर नये अध्यक्ष का स्वागत करें। वहीं नवाब सैफी ने जोर दिया कि राजनीतिक गलियारों में पहचान बनाने के लिए समाज का एक मंच पर आना जरूरी है। घोषणा के बाद समाज के लोगों ने नए अध्यक्ष को फूलमालाएं पहनाकर बधाई दी। इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद आकिल सैफी एडवोकेट, निर्वाचन अधिकारी अलाउद्दीन सैफी, सहायक शाहनवाज सैफी, मोहम्मद जाहिद, फिरासत सैफी, दानिश सैफी, शकील सैफी, और शाहरुख सैफी समेत भारी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# निजी अस्पताल में महिला की मौत पर हंगामा

## स्टे हाइवे पर शव रखकर परिजनों ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** नगर के बायपास मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो जाने पर परिजनों ने अस्पताल के सामने हंगामा किया। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी और पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी मौके पर पहुंच गए। एसडीएम और जनप्रतिनिधियों ने परिजनों को आश्वासन देकर शांत किया।

गांव नसीरपुर शुमाली निवासी दलवीरी (50) पत्नी राकेश सिंह सैनी रविवार सुबह पैरों में दर्द की शिकायत पर निजी अस्पताल में दवाई लेने पहुंची थीं। परिजनों के अनुसार सुबह करीब 10 बजे उन्हें भर्ती किया गया था। आरोप है कि अस्पताल में ड्रिप लगाने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई। बाद में उन्हें अमरोहा रेफर किया गया, जहां ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। परिजन शव लेकर वापस अस्पताल पहुंचे तो आरोप है कि अस्पताल संचालक अस्पताल बंद कर चला गया। इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल के सामने स्टेट हाईवे किनारे शव रखकर विरोध जताया। सूचना मिलने पर एसडीएम शैलेश कुमार दुबे और थाना प्रभारी अमरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलती है तो जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पेपर लीक होना सरकार की सबसे बड़ी नाकामी

## प्रदेश में अगले साल बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकारः पांडेय



**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अविनाश पांडेय ने कहा कि देश में लगातार महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं जिससे नौजवानों का भविष्य खराब हो रहा है लेकिन सरकार आंखे मूंदे बैठी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान भी किया।

दिल्ली से बिजनौर जाते समय कुछ देर को चौपला पर रूके राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा का चुनाव नजदीक है। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में लक्ष्य बनाकर जुट जायें। कहा कि देश में और उत्तर प्रदेश में लगातार महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, लेकिन सरकार आंखें बंद किए बैठी है। लगातार पेपर लीक होने से नौजवानों का भविष्य खराब हो रहा है। आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार नौजवानों की भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। डीजल, पेट्रोल और गैस के दाम बढ़ाकर मोदी सरकार ने देश को एक बार फिर से महंगाई की आग में झोंक दिया है। प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश में लगातार भ्रष्टाचार बढ़ रहा है, कानून व्यवस्था खत्म हो गई है। हर जगह भ्रष्टाचारए महंगाई चरम सीमा पर है। महंगाई के कारण आम आदमी परेशान है और व्याकुल है। महंगाई की मार से आम आदमी को तो वक्त की रोटी मिलना भी मुश्किल हो गया है। राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मेहनत कर कर इस बार चुनाव में विजय हासिल करनी है। स्वागत करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, तारिक मोहम्मद खान, मौहम्मद शाहिद सिद्दीकी, जयपाल सिंह जाटव, ओमप्रकाश पवार, वाहिद अली सैफी, अमरजीत कोहली, मनोज कटारिया, फैजान खान, नकुल पंवार, सलीम साबरी आदि मौजूद रहे।

# वैश्वीकरण के दौर में अंग्रेजी साहित्य की बढ़ी प्रासंगिकता

## जेएस कालेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** जेएस हिंदू पी.जी. कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को समापन हो गया।

संगोष्ठी के दूसरे दिन ऑनलाइन माध्यम से चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिनमें करीब 130 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागियों ने मिथक, नारीवाद, हाशियाकरण, तृतीय लिंग विमर्श, प्रवासी साहित्य और भारतीय अंग्रेजी साहित्य के विभिन्न आयामों पर अपने शोधपरक विचार रखे। सत्रों में भारतीय सांस्कृतिक विरासत और अंग्रेजी साहित्य के संबंधों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। समापन समारोह में मुख्य वक्ता प्रो. आर.पी. सिंह ने कहा कि अंग्रेजी साहित्य अब केवल ब्रिटिश साहित्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विश्व की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को जोड़ने वाला वैश्विक माध्यम बन चुका है। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियां शोधार्थियों के ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। डॉ. गजेंद्र कुमार दत्त शर्मा ने अंग्रेजी साहित्य में विभिन्न भारतीय समस्याओं एवं समकालीन मुद्दों को विस्तृत रूप से प्रस्तुत करते हुए अंग्रेजी भाषा के बढ़ते वैश्वीकरण पर प्रकाश डाला। अंत में सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रो. एस. पी. सिंह ने अपनी विशिष्ट शैली में सभी वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# शिक्षक का अनुभव हमेशा समाज के लिए उपयोगी

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**हसनपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक डा. प्रवेश कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी शिक्षक समाज व नई पीढ़ी को दिशा देने का कार्य करते रहते हैं। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, उसका अनुभव समाज के लिए हमेशा उपयोगी रहता है।

माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज हसनपुर में सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त हुए राजकीय एवं सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों को शॉल, प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार ने कहा कि शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों के सम्मान की यह सराहनीय परंपरा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक सेवा निवृत्ति के बाद भी समाज और नई पीढ़ी को दिशा देने का कार्य करते रहते हैं। विशिष्ट अतिथि एवं संगठन के प्रदेशीय मंत्री डॉ. जी.पी. सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, उसका अनुभव समाज के लिए हमेशा उपयोगी रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष एवं सिख इंटर कॉलेज नारंगपुर के प्रधानाचार्य गुरनाम सिंह ने की। इस अवसर पर डा. धर्म सिंह, डा. जमशेद कमाल, चारु शर्मा, प्रेम वीर त्यागी, श्याम धर पाल, डॉक्टर सिद्धार्थ पांडे, वीरपाल, कमर अब्बास नकवी, सतीश कुमार, हसनैन नवाज, हरिओम शर्मा, तेज सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रधान व उनके पुत्र की सरेआम दबंगई

## ग्रामीणों को धमकाने का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** ग्रामीण अंचलों में वहां की सत्ता की हनक किस कदर सिर चढ़कर बोल रही है। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो में देखने को मिला। वायरल वीडियो में एक ग्राम प्रधान और उनका पुत्र एक निहत्थे ग्रामीण को सरेआम धमकाते और अपनी ताकत का प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि किसी मामूली विवाद को लेकर प्रधान पुत्र ने आपा खो दिया। और बीच सड़क पर ही ग्रामीण को देख लेने की धमकी देने लगा। इस हाई-वोल्टेज ड्रामे को देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। तमाशबीन बने लोगों ने इस पूरी घटना को अपने मोबाइलों कैमरों में कैद कर लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर ट्रॉल हो रहा है। प्रधान की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है। और इसे श्लोकतंत्र में तानाशाहीश करार दे रहे हैं। गांव की चौपालों से लेकर सोशल मीडिया के गलियारों तक, यह वायरल वीडियो चर्चा का केंद्र बना हुआ है। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इस दबंगई पर कोई संज्ञान लेता है या प्रधान की हनक के आगे मामला दबकर रह जाता है। वायरल हुआ वीडियो गंगेश्वरी ब्लॉक के गांव का बताया जा रहा है।

### ईंटे बेचने की जांच को पहुंचे कोतवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** सभासद पति पर रोड की ईंटे उखड़वाकर बेचने के आरोपों की जांच के लिए प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और शिकायतकर्ता से बातचीत की। मौहल्ले के अन्य लोगों से भी बातचीत की। बता दें कि नगर के मौहल्ला बुधबाजार निवासी मनोज गर्ग का आरोप है कि वार्ड में एक इंटरलॉकिंग सड़क जो कि उचित अवस्था में थी, उसे नया बनवाने की बात कहकर सभासद पति ने ईंटे उखड़वा लीं। आरोप है कि ईंटे बेच दी गईं। मनोज गर्ग ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर जांच कराने की मांग की थी। जिसके बाद रविवार को प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने मौका मुआयना किया और शिकायतकर्ता से भी जानकारी ली। वहीं सभासद पति अमित चौधरी ने बताया कि आरोप द्वेषवश लगाए गए हैं। मेरी पत्नी वार्ड सभासद हैं, सभासद का कार्य प्रस्ताव देने का होता है, प्रस्ताव पालिका को दिया गया। जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई इस्टीमेट आदि जेई के माध्यम से बनाया गया। टैंडर के माध्यम से ठेकेदार को ठेका दिया। उसमें मेरा या मेरी पत्नी की कोई भूमिका नहीं है। सभी आरोप पूरी तरह से निराधार हैं और द्वेषवश लगाए गए हैं।

### जीवन में राष्ट्र प्रथम का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर इकाई के विद्यार्थी विभाग द्वारा आयोजित युवा एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग बौद्धिक प्रमुख कृष्ण कुमार ने युवाओं को राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ाया। उन्होंने राष्ट्र प्रथम का संदेश देते हुए कहा कि हमारे लिए जीवन में राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। उन्होंने पंच परिवर्तन पर जोर देते हुए कहा कि हमें स्वावलंबी बनने के लिए स्वदेशी का उपयोग करना होगा। समरसता के बारे में बताते हुए कहा कि हमारी मित्रता कृष्ण व सुदामा जैसी होनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए उन्होंने प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने की सलाह दी। कुटुंब प्रबोधन के बारे में बताते हुए उन्होंने परिवार में संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया और युवाओं का आह्वान किया कि हमें अपने अधिकारों के साथ ही नागरिक कर्तव्यों का भी ध्यान रखना होगा। इस मौके पर पार्थ तिवारी, आशीष, कनिष्क भूषण, कमल कुमार, पुसविन्दर सिंह, जगदीप सिंह, लोकेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, कुलवंत सिंह, प्रदीप कुमार, कमलेश कुमार, विनय कुमार, अशोक प्रियदर्शनी, अनुपम सिंघल, अमरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**पूजा अर्चना व फीता काटकर चेयरमैन ने किया शुभारंभ**

# एकता विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला महादेव स्थित रामलीला मैदान रविवार देर शाम रंग-बिरंगी रोशनी, सांस्कृतिक उत्साह और मेले की रौनक से जगमगा उठा। यहां एकता विकास प्रदर्शनी मेला एवं धनौरा महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने विधिवत पूजा-अर्चना और फीता काटकर किया। शुभारंभ होते ही मैदान तालियों और उत्साह से गूंज उठा।



पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता के प्रतीक होते हैं। ऐसे आयोजनों से लोगों को मनो. रंजन के साथ आपसी मेलजोल का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यह मेला नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए मनोरंजन के अनेक साधन उपलब्ध रहेंगे। लगभग दो माह तक चलने वाले इस महोत्सव में झूले, खानपान की दुकानें, घरेलू उपयोग के सामान, हस्तशिल्प उत्पाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों को आकर्षित करेंगे। उद्घाटन के दौरान मेले में पहुंची भीड़ ने विभिन्न स्टॉलों और झूलों का आनंद लिया। शाम होते ही पूरा मैदान रोशनी से नहा उठा और मेले की रौनक देखते ही बन रही थी। आयोज. कों ने बताया कि मेले में आगामी दिनों में सांस्कृतिक संध्याएं, लोकगीत, बच्चों के मनोरंजन कार्यक्रम और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान, रामलीला समिति के अध्यक्ष जागेश अग्रवाल, अवनीश कुमार, पुनीत मांगलिक, शंकर लाल सैनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और नगरवासी मौजूद रहे।

# क्रूरता के साथ मवेशी ले जा रहे 11 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** थाना पुलिस ने क्रूरता के साथ मवेशियों को भरकर ले जा रहे तीन केंटरों को पकड़ लिया। केंटर में सवार 11 लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करके चालान किया।

**■ तीन केंटरों में भरीं थीं 39 भैंस और 13 लवारे**

जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक सुभाष चौहान, अपने सहयोगी उपनि. रीक्षक सहन्सरपाल सिंह और हमराहों के साथ शांति सुरक्षा व्यवस्था में मामूर थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस हाइवे शहबाजपुर डोर में एक होटल के पास पहुंची तो वहां पर तीन केंटर खड़े थे। पुलिस ने केंटर चालकों से पूछा कि अंदर क्या है तो चालक ने बताया कि अंदर मवेशी भरे हैं, जिन्हें वे नहटौर के बाजार लेकर आ रहे हैं और हापुड़ ले जा रहे हैं। पुलिस ने केंटर चेक कराये तो एक केंटर में 18 भैंस, दूसरे में 10 भैंस और 07 लवारे और तीसरे केंटर में 11 भैंस और 06 लवारे हैं, जो क्रूरता के साथ भरे हुए हैं। पुलिस ने सभी मवेशियों को बाहर निकलवाकर औद्योगिक चौकी के परिसर में छाँव में खड़ा कराया और चारा पानी की व्यवस्था कराई। उपनि. रीक्षक सुभाष चौहान ने आसिफ निवासी कासिमपुर थाना कांठ, छोटे उर्फ उस्मान निवासी गांव कुआंखेड़ा थाना बछरायूं, फईम निवासी गांव पापड़ी थाना नौगांवा सादात, रियाज और आजम निवासीगण गांव मकस. ूरपुर थाना डिडौली के साथ फरहान, मोहसिन, अनस और मोहम्मद महफूज निवासीगण गाँव सहसपुर थाना क्षेत्र स्योहारा जनपद बिजनौर, अनस निवासी गांव मरैठा थाना मैनाठेर जनपद और रफी निवसी गांव बरैठा खिजारपुर थाना मैनाठेर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर चालान करके अग्रिम कार्रवाई की।

### कार पर हवाई फायरिंग, तीन पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कार रुकवाकर फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने तीन आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना गजरौला के गांव नगलिया बहादुरपुर का निवासी हिमाशुं 08 मई को अपने साथी के साथ हैबतपुर से अपने घर आ रहे थे, बीच रास्ते में पहले से ही एक कार खड़ी थी, जिसमे गुरमीत ढ़िल्लो ग्राम ऊमरी, ओम निवासी गांव बगड़ी हाल निवासी मौहल्ला जवाहर नगर और हिमांशु नागरे निवासी निपनिया थाना रजबपुर सवार थे। उन्होंने हिमांशु की कार रो. कनी चाही, लेकिन हिमांशु ने कार नहीं रोकी तो आरोपियों ने कार के ऊपर तमन्चे व पिस्टल से हवाई फायर किये। लोगों को आता देखकर आरोपित फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी गुरमीत ढ़िल्लो, ओम और हिमांशु नागरे के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### महिला के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** थाना क्षेत्र के एक गाँव में एक महिला को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत चार आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मझोला निवासी पायल का आरोप है कि उसे उसके पति गौरव, सुसर किशन, देवर अमन और सास कौशल लाठी डंडों से मारपीट करके घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए तब आरोपियों से बचाव कराया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गैस सिलिंडर लेने जा रहे दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

**अज्ञात वाहन की टक्कर से गई जान, रिठौरा कस्बे में पसरा मातम**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में रिठौरा कस्बे के दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों बाइक से गैस सिलिंडर भरवाने जा रहे थे। नवदिया झादा चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे कस्बे में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, रिठौरा के मोहल्ला काहरान निवासी 18 वर्षीय रवि उर्फ भूरा और मोहल्ला कुर्मियान निवासी 16 वर्षीय रोहित आपस में घनिष्ठ मित्र थे। रविवार को दोनों बाइक से गैस सिलिंडर भरवाने निकले थे। बताया जाता है कि बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में विजेजमर्ज ढाबा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर बिथरी चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

हादसे की खबर मिलते ही रवि उर्फ भूरा के घर में चीख-पुकार मच गई। बेटे की मौत की सूचना पर उसकी मां नन्हीं देवी बेहोश हो गईं। रवि अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसके पिता ढाकनलाल फुटपाथ पर चश्मे और बेल्ट बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वहीं रोहित अपने परिवार में सबसे छोटा था। उसके पिता बाबू का पहले ही निधन हो चुका है। वह दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटा था। हादसे की जानकारी मिलते ही उसकी मां पीतम देवी बदहवास हो गईं। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे रिठौरा कस्बे में मातम पसरा हुआ है।

# तेजाब कांड का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में दबोचा

**पुलिस पर फायरिंग के बाद पैर में लगी गोली, एक हेड कांस्टेबल भी घायल**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शेरगढ़ थाना क्षेत्र में दंपती और उनके दो बच्चों पर तेजाब फेंककर झुलसाने वाले आरोपी को पुलिस ने रविवार को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने घेराबंदी के दौरान पुलिस टीम पर तमंचे से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी उमेश कश्यप के पैर में गोली लगी, जबकि मुठभेड़ के दौरान एक हेड कांस्टेबल भी घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस के मुताबिक, 16 मई 2026 को शेरगढ़ थाना क्षेत्र में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उमेश कश्यप छत के रास्ते उनके घर में घुस आया और महिला, उसके पति तथा दो बेटों पर तेजाब फेंक दिया। घटना में पूरा परिवार झुलस गया था। मामले में शेरगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी।

रविवार को पुलिस टीम क्षेत्र में वांछित आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उमेश कश्यप शेरगढ़ बाइपास मार्ग से अपने घर की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में करीब 35 वर्षीय उमेश कश्यप के पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। मुठभेड़ के दौरान हेड कांस्टेबल मोहम्मद नाजिम भी घायल हो गए। पुलिस ने मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

उसके कब्जे से एक तमंचा, तीन जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। घायल आरोपी और हेड कांस्टेबल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# अपना दल कमेरावादी की उपाध्यक्ष विधायक पल्लवी पटेल ने किया कार्यालय का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** प्रदेश की सिराथू विधानसभा से सपा विधायक डॉक्टर पल्लवी पटेल का रविवार को यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर जहां अपना दल (एस) की पूरी विधानसभा कमेटी ने अपना दल कमेरावादी में शामिल होने का ऐलान किया, वहीं विधायक डॉक्टर पल्लवी पटेल ने खोले गए संगठन के कार्यालय के उद्घाटन किया।

पहली बार नगर पहुंची अपना दल कमेरावादी की उपाध्यक्ष विधायक डॉक्टर पल्लवी पटेल ने सबसे पहले डॉक्टर बाबा भीमराव अंबेडकर, और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण करने के बाद उन्होंने बहोर नगला रोड पर स्थित अपना दल कमेरावादी के खोले गए कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर खास जोर दिया। उनका यहां पहुंचने पर अधिवक्ता सुरेश पटेल, शोभाराम प्रजापति, आनन्द मोहन पटेल, मास्टर भगवान दास, छोटे लाल राठौर, धर्मेन्द्र गंगवार, मुनेंद्र पटेल, पोशाकी लाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दबंग पिता भाई और पुत्रों ने पड़ोस में रह रहे ग्रामीण को पीटा

**बचाव को आए कॉलोनाइजर घायल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के नजदीकी गांव ईंधजागीर की बस्ती प्रकाश नगर में रह रहे सरकारी शिक्षक नरदेव पड़ोस में ही प्रापर्टी डीलर का कारोबार करते हैं। उन्होंने अपने इस कारोबार और मकान की देखभाल के लिए क्षेत्र के गांव अटंगा योगी के रहने वाले ओमेंद्र पाल को नौकरी पर रख रखा है। शिक्षक नरदेव का एक मकान प्रकाश नगर में भी है, जहां रोज वह खाना खाकर आते रहते हैं। शुक्रवार की शाम करीब 7 बजे वह अपने इस मकान पर गये तो पड़ोस का वीरेंद्र और उसके लड़के उसके नौकर ओमेंद्र पाल के साथ गाली गलौज कर रहे थे, जब उसने इसका विरोध किया तो उन्होंने उसे घर से बाहर खींचकर बुरी तरह से मारा पीटा, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था। बीच बचाव में शिक्षक/कालोनाइजर नरदेव के भी गुम चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल ओमेंद्र पाल को पहले नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया ,जहां से उसे बरेली रेफर कर दिया गया। घटना की रिपोर्ट शिक्षक/कालोनाइजर नरदेव की ओर से वीरेन्द्र, उसके पुत्रों अर्जुन, गौरव, सरोज के साथ ही वीरेन्द्र के भाई राकेश के खिलाफ दर्ज कराई गई है। शिक्षक नरदेव ने वीरेन्द्र पर आए दिन शराब पीकर झगड़ा करने का भी आरोप लगाया है।

# झारखंड से उत्तराखंड तक फैला अफीम तस्करी नेटवर्क ध्वस्त

**देवरनियां पुलिस और एएनटीएफ ने 65 लाख की अफीम संग दो अंतरराज्यीय तस्कर पकड़े**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनपद में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देवरनियां पुलिस और एएनटीएफ यूनिट बरेली ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतराज्यीय अफीम तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस टीम ने झारखंड निवासी दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 13 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 65 लाख रुपये आंकी गई है। लगातार हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करों में हड़कंप और दहशत का माहौल बना हुआ है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अपराध एवं मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में एएनटीएफ यूनिट बरेली और कोतवाली देवरनियां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि झारखंड से दो तस्कर भारी मात्रा में अफीम लेकर उत्तराखंड की ओर जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी और एएनटीएफ यूनिट प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव ने संयुक्त रणनीति तैयार कर नैनीताल हाईवे स्थित बिचपुरी क्षेत्र में घेराबंदी कराई।

शनिवार देर रात करीब 9:24 बजे पुलिस टीम ने संदिग्धों को रोककर तलाशी ली तो एक अभियुक्त के पास से 7 किलोग्राम तथा दूसरे के पास से 6 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। बरामद अफीम को देखकर पुलिस टीम भी दंग रह गई। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे लंबे समय से झारखंड से अफीम लाकर उत्तराखंड समेत अन्य क्षेत्रों में सप्लाई करते थे, और आर्थिक लाभ के लिए इस धंधे में शामिल थे।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विशाल कुमार पुत्र विजय रजक निवासी ग्राम बरिसाखी थाना गिद्धौर जिला चतरा, झारखंड तथा अजय कुमार पुत्र सुरेंद्र रविदास निवासी ग्राम तेतरिया थाना पत्थलगड़ा जिला चतरा, झारखंड के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। दोनों तस्करों के खिलाफ कोतवाली देवरनियां में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

इस पूरी कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की सतर्क कार्यशैली और एएनटीएफ प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव के सटीक सूचना तंत्र की जमकर सराहना हो रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों अधिकारियों के बेहतर समन्वय और टीमवर्क की वजह से इतनी बड़ी खेप पकड़ी जा सकी। कार्रवाई में देवरनियां कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी, उपनिरीक्षक पुष्पेंद्र शर्मा, कांस्टेबल शिवम कुमार, एएनटीएफ यूनिट बरेली के प्रभारी उपनिरीक्षक विकास यादव, कांस्टेबल सौरभ चौधरी, कांस्टेबल अंकित यादव, कांस्टेबल कुश कुमार, कांस्टेबल रसविन्द्र चौधरी, कांस्टेबल विनीत कुमार तथा महिला कांस्टेबल छाया शामिल रहीं।

बताया जा रहा है कि इससे एक दिन पहले भी कोतवाली देवरनियां पुलिस ने एएनटीएफ यूनिट मेरठ की संयुक्त टीम के साथ कार्रवाई करते हुए बिहार और नेपाल की चार महिला तस्करों को लाखों रुपये की अफीम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। लगातार हो रही कार्रवाइयों से देवरनियां क्षेत्र में सक्रिय नशा तस्करों में भारी दहशत फैल गई है, और कई संदिग्ध तस्करों के भूमिगत होने की चर्चा है।

## पूछताछ में खुला अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का राज

पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने कई अहम खुलासे किए हैं। अभियुक्तों ने बताया कि आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने अफीम तस्करी का रास्ता चुना था। दोनों झारखंड से अफीम लाकर उत्तराखंड और आसपास के इलाकों में सप्लाई करते थे। पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह से कई अन्य तस्कर भी जुड़े हो सकते हैं, जिनकी तलाश में पुलिस टीम जुट गई है।

## 13 किलो अफीम बरामद, नशा तस्करों में मचा हड़कंप

देवरनियां पुलिस और एएनटीएफ यूनिट की इस कार्रवाई को जिले में नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 13 किलोग्राम अवैध अफीम और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 65 लाख रुपये बताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आगे भी नशा तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# नगर पालिका टीम ने हटवाया मलवा जल्द कराया जाएगा दुकान का निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** शनिवार को नगर पालिका परिषद के ठेकेदार द्वारा खोदे गए नाले में पानी भर जाने से वहां एक वेल्डिंग की दुकान भरभरा गिर गई थी, आज नगर पालिका टीम ने स्थल पर पड़े मलवे को हटवा दिया।

नगर के वार्ड याकूबपुर में विथरी रोड पर नगर पालिका परिषद द्वारा एक नाला निर्माण कराया जा रहा है। इस नाला निर्माण का ठेका तो कागजों में बरेली की राधा वल्लभ कंस्ट्रक्शन फर्म के नाम है, लेकिन असल में उसके ठेकेदार नगर और पालिका के खासम खास कहे जाने वाले सूरज वर्मा और शानू गुप्ता का है। 19.57 लाख की लागत से बन रहे इस नाला निर्माण के लिए ठेकदारों ने एक सप्ताह पहले ही जेसीबी से काफी गहरा नाला खोद कर छोड़ दिया था, जिसके चलते उसमें पानी भर जाने से रोड किनारे वेल्डिंग का कार्य करने वाले टिंकू की दुकान शनिवार को भर भराकर गिर गई थी। वह तो गनीमत रही कि दुकान बन्द थी बरना बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता था। दुकान ढह जाने से दुकान स्वामी के परिजनों ने खासा हंगामा काटा था, जिसके चलते वहां जाम लग गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को संभालने का काफी प्रयास किया, लेकिन मामला नहीं सुलट सका था। बाद में पहुंचे एसडीएम उदित पवार, सीओ गौरव सिंह, नायब तहसीलदार शोभित चौधरी, कोतवाल राजेश कुमार के साथ ही लेखपाल प्रेमपाल स्थल पर पहुंचे, और लोगों को समझा बुझाकर शांत किया था। प्रशासन की मौजूदगी में दुकानदार और ठेकेदार के बीच लिखित समझौता हुआ जिसमें ठेकेदार द्वारा दुकान बनाकर दिए जाने के साथ ही सामान दिलाया जाएगा।

आज रविवार को नगर पालिका की टीम ने स्थल पर पहुंचकर मलवा हटवा दिया, साथ में जल्द ही दुकान का निर्माण कराए जाने का भरोसा ठेकेदार द्वारा दुकानदार को दिया गया है। नगर पालिका द्वारा जो 19 लाख 57 हजार की लागत से जिस नाला का निर्माण कराया जा रहा है, वह पीला ईंट से बन रहा है। नगर पालिका प्रशासन इस मामले से पूरी तरह आंखे मूंदे हुए है। कस्बे के नागरिकों ने स्थानीय प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप कर कार्यवाही की मांग की है।

# मानदेय वृद्धि पर अंशकालिक अनुदेशकों का सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत अंशकालिक अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि किए जाने के उपलक्ष्य में रविवार को विकास भवन सभागार में सम्मान समारोह एवं चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकभवन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया।

कार्यक्रम में प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, महापौर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधान परिषद सदस्य बहोरन लाल मौर्य, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, मीरगंज विधायक डॉ० डीसी वर्मा सहित जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी ने अंशकालिक अनुदेशकों को प्रतीकात्मक चेक वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय से उन्हें आर्थिक संबल मिलेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि अंशकालिक अनुदेशकों ने ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने तथा बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, कला, खेल एवं अन्य विषयों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 01 अप्रैल 2026 से अनुदेशकों का मानदेय 9 हजार रुपए से बढ़ाकर 17 हजार रुपए प्रतिमाह कर दिया है, जिससे हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। विद्यालयों में कायाकल्प अभियान के तहत आधारभूत सुविधाओं का विकास किया गया है, जबकि स्कूल चलो अभियान से नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। डीबीटी प्रणाली के माध्यम से छात्रों एवं अभिभावकों को पारदर्शी तरीके से लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार अनुदेशकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में भी कार्य कर रही है। सांसद छत्रपाल गंगवार ने अपने संबोधन में इसे ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए कहा कि यह सरकार की संवेदनशीलता और अनुदेशकों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने सभी अनुदेशकों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा देने का आह्वान किया।

# नाम रोशन करने वाली करने पर मानवी पटेल को TSCT बरेली ने दी शुभकामनाएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में ऑल इंडिया द्वितीय रैंक प्राप्त कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली मानवी पटेल को टीचर्स सेल्फ केयर टीम (TSCT) बरेली की जिला कार्यकारिणी ने उनके आवास पहुंचकर शुभकामनाएं दीं।मानवी पटेल, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ भदपुरा के अध्यक्ष हरेंद्र सिंह 'रानू' की पुत्री हैं। मानवी की इस शानदार उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। टीम के सदस्यों ने कहा कि मानवी ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर यह मुकाम हासिल कर यह साबित कर दिया कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं।इस अवसर पर ज्ब्ज्ब बरेली के जिलाध्यक्ष अनुज वीर गंगवार ने कहा कि मानवी की सफलता पूरे बरेली और उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्र-छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। टीम ने मानवी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें पुनः बधाई दी।इस दौरान जिला सह संयोजक चित्रसेन गंगवार, लखमी चंद्र अहेरिया, सौरभ गुप्ता, हरीश गंगवार, नवल किशोर एवं सपना जी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सुधीर शर्मा बने विहिप के जिला प्रशासनिक प्रमुख, हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** विश्व हिन्दू परिषद के ब्रज प्रांत की धर्म प्रसार बैठक में मीरगंज के सुधीर शर्मा को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। बदायूं में आयोजित बैठक में ब्रज प्रांत के संगठन मंत्री मुकेश विनायक खांडेकर ने सुधीर शर्मा को बरेली का जिला प्रशासनिक प्रमुख नियुक्त किया।नई जिम्मेदारी मिलने के बाद मीरगंज लौटने पर सुधीर शर्मा का कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत करने वालों में प्रियांशू शर्मा, विनोद दिवाकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### दस लीटर कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना पुलिस ने अवैध 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।पुलिस के अनुसार शनिवार को एस आई राजवीर सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त के लिए निकले थे। इसी दौरान नगरिया कल्यानपुर चौराहे के पास मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति गन्ना फैक्ट्री के पीछे सिधौली जाने वाले रास्ते पर अवैध कच्ची शराब लेकर खड़ा है और उसे बेचने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विशम्वर पाल पुत्र कल्याण सिंह निवासी ग्राम रेवड़ी कला, थाना मिलक, जनपद रामपुर बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से सफेद प्लास्टिक की कैन में करीब 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी शराब रखने और बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं दिखा सका।पुलिस ने बरामद शराब को सील कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### घर में घुसकर मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव गहवरा की गौटिया में घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव गहवरा की गौटिया निवासी श्रवण कुमार पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार की शाम करीब 5:30 बजे वह अपने घर पर लेटा हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान बैरम नगर निवासी रिंकू पुत्र रामकिशोर, नितिन पुत्र रामकिशोर, नन्ही देवी पत्नी रामकिशोर और रामकिशोर उसके घर में घुस आए तथा गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में उसे चोटें आई।शोर-शराबा सुनकर गांव के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मैसूल मांगने पर मारपीट, चार लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सिधौली बाजार में मैसूल मांगने को लेकर हुए विवाद में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ग्राम सिधौली निवासी रामबाबू पुत्र दुलीराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की शाम करीब 5:30 बजे वह सिधौली बाजार में मैसूल उगाही कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही रामलाल पुत्र नथ्थन, शंकरलाल पुत्र राधेश्याम, बब्लू पुत्र शंकरलाल और शनि पुत्र लाल सिंह ने मैसूल देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरो. पियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे उन्हें चोटें आई।घटना के दौरान बाजार में मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। आरोप है कि जाते समय आरोपी जान से मारने की धमकी भी देकर गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बच्चों को स्कूल छोड़ने निकली विवाहिता दो मासूमों संग लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज ।** थाना क्षेत्र के गांव नौसना से एक विवाहिता अपने दो मासूम बच्चों के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। शनिवार सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने की बात कहकर घर से निकली महिला देर शाम तक वापस नहीं लौटी, जिसके बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। पीड़ित पति ने थाना पुलिस को तहरीर देकर पत्नी और बच्चों की तलाश की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार, गांव नौसना निवासी नन्हें पुत्र फूलचंद्र मौर्य गाजियाबाद में रहकर मजदूरी करता है। परिवार में उसकी पत्नी संतोष मौर्य और दो बच्चे गौरी व प्रशांत हैं। बताया गया कि शनिवार सुबह करीब आठ बजे संतोष दोनों बच्चों को नगरिया सादात स्थित स्कूल छोड़ने के लिए घर से निकली थी, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। जानकारी करने पर पता चला कि बच्चे स्कूल भी नहीं पहुंचे थे।शाम तक पत्नी और बच्चों के घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। घटना की सूचना मिलने पर नन्हें मौर्य गाजियाबाद से तत्काल गांव लौट आया। पीड़ित पति ने रविवार को थाना मीरगंज पहुंचकर पत्नी और दोनों बच्चों की गुमशुदगी की तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आसपास के इलाकों में पूछताछ के साथ ही संभावित रास्तों की जानकारी जुटाई जा रही है।

### शराब के नशे में पिता-पुत्र पर गर्भवती महिला से मारपीट का आरोप, पुलिस से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली में गर्भवती महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। महिला ने गांव के ही पिता-पुत्र पर शराब के नशे में गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।गांव सिंधौली निवासी शिखा पत्नी सुनील ने मीरगंज पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि शनिवार सुबह गांव के वीरेंद्र और उसके पिता मोहनलाल शराब के नशे में उसके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसकी आंख में चोट लग गई। महिला ने बताया कि वह गर्भवती है।आरोप है कि शोर सुनकर बचाव करने पहुंचे उसके जेठ कमलेश के साथ भी पिता-पुत्र ने मारपीट की। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### भैंस चोरी करते एक युवक रंगे हाथ पकड़ा, दो साथी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली की गौटिया में शनिवार रात भैंस चोरी का प्रयास उस समय विफल हो गया, जब गृहस्वामी के परिजन जाग गए और एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया। जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस पकड़े गए युवक को अपने साथ थाने ले गई।

गांव सिंधौली की गौटिया निवासी कैलाश पुत्र नन्नू ने बताया कि शनिवार देर रात गांव का ही रमेश उनके घर में घुस आया और भैंस खोलकर ले जाने लगा। इसी दौरान उनकी पत्नी किसी काम से उठी तो उसने एक व्यक्ति को भैंस ले जाते देख शोर मचा दिया। शोर सुनकर परिवार के लोग जाग गए और आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया।परिजनों के अनुसार, आरोपी के दो अन्य साथी घर के पास एक चार पहिया वाहन लेकर खड़े थे। शोर-शराबा होने पर दोनों मौके से फरार हो गए। गृहस्वामी ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस पकड़े गए आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले गई। मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

### श्रद्धा और सेवा का संगम ओरछी चौराहे पर व्यापारियों ने कराया भंडारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे पर रविवार को धार्मिक सौहार्द और सेवा भावना की अनूठी मिसाल देखने को मिली अटूट श्रद्धा के साथ एक भंडारे का आयोजन किया। दोपहर से शुरू हुआ यह सेवा कार्य देर शाम तक अनवरत चलता रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया रविवार की छुट्टी होने के कारण ओरछी चौराहे पर आवागमन करने वाले राहगीरों की संख्या काफी अधिक थी मार्ग से गुजरने वाले राहगीर, वाहन चालक और स्थानीय नागरिकों को रोककर बड़े ही आदर और सम्मान के साथ भंडारे का प्रसाद वितरित किया। राहगीरों ने भी इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं।इस धार्मिक अनुष्ठान को भव्य और सफल बनाने में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और व्यापारियों का विशेष सहयोग रहा। व्यवस्थाएं संभालने और सेवा कार्य में मुख्य रूप से सौरव वार्ष्णेय,खुशबू वार्ष्णेय,राजेन्द्र सिंह, अरविंद शर्मा और पंचू गोपाल, संजय वार्ष्णेय,सहित तमाम स्थानीय लोग पूरे उत्साह के साथ जुटे रहे। देर शाम तक चले इस भंडारे की समाप्ति पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया।

# बिलासपुर में कांग्रेस की विशाल जनसभा, महंगाई और बेरोजगारी पर केंद्र सरकार को घेरा

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बिलासपुर क्षेत्र के ग्राम गोदी में जिला कांग्रेस संगठन की ओर से एक विशाल सभा का आयोजन किया गया। सभा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सरदार गुरबाज सिंह संधु द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सरदार चरण सिंह ने की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राज. कुमार ठकुराल मुख्य अतिथि तथा संजय कपूर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सभा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा, शहर अध्यक्ष बाकर अली खां, साहिर रजा खां सहित जिले और ब्लॉक स्तर के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए।



सभा को संबोधित करते हुए राज. कुमार ठकुराल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने के बजाय केवल भाषण देने में व्यस्त है। विशिष्ट अतिथि संजय कपूर ने कहा कि लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है तथा विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष कर रही है। सभा में सर्वसम्मति से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

सभा में सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता तेंनस ळंदकीप के नेतृत्व में कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी संगठन को मजबूत किया जाएगा तथा जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर जफर, वेदराम यादव, देवकी नंदन, सज्जू साहब, लाइक बाबू, जिवेंद्र गंगवार, सभा संचालक असलम जावेद, सोशल मीडिया प्रभारी नोमान मुमताज खां, कपिल चौधरी, दुर्गेश मौर्य, अजीब सिंह, कलाम बाबू प्रधान, चेतन मागट सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से दलित वृद्ध की मौत परिवार में कोहराम

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** ट्रैक्टर ट्रॉली की टककर से एक 70 वर्षीय दलित वृद्ध की मौत हो गयी रविवार को लगभग सायं के 4:30 कोतवाली क्षेत्र के हरैया गांव निवासी नंदराम पुत्र फकीरचंद उम्र लगभग 70 वर्ष वह अपने घर के दरवाजे पर बैठे थे गांव के ही प्रेमपाल पुत्र धर्मवीर ट्रैक्टर ट्राली लेकर जा रहे थे तभी धर्मवीर की ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर लग गई धर्मवीर ट्रैक्टर ट्राली मौके पर छोड़कर फरार हो गया सूचना पर 112 पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और नंदराम को आनंन फानन मे 112 नंबर गाड़ी से नगर के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया जहा पर डॉक्टर ने नंद. राम को मृत घोषित कर दिया यह सूचना सुन परिजन रोने चिल्लाने लगे सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और पुलिस ने सबको अपने कब्जे में लेकर सब का पांच नवंबर भर सब पीएम के लिए भेज दिया मृतक के घर में कोहरा मचा हुआ है मृतक के तीन बेटे थे जिनकी तीनों की शादी हो चुकी है तीनों बेटों के सिर से पिता का साया हटने से घर में कोहराम मचा हुआ है।

# एनआईए की स्वार में छापेमारी

## फैजान सलमानी और उसके मित्र मुकीम के घर घंटों चली जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** कथित आतंकी गठजोड़ मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार सुबह स्वार के नरपत नगर में छापेमारी कर सूरत जेल में बंद फैजान शेख उर्फ फैजान सलमानी और उसके करीबी मित्र बताए जा रहे 17 वर्षीय मुकीम के घर जांच पड़ताल की। इस दौरान स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कई घंटे तक तलाशी अभियान चलाया गया, हालांकि टीम को कोई संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई। जानकारी के अनुसार जनवरी माह में गुजरात एसआईटी ने फैजान शेख को मोबाइल पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे सूरत जेल भेजा गया था। इससे पहले भी जांच एजेंसियां फैजान को रिमांड पर लेकर नरपत नगर स्थित उसके घर पहुंच चुकी हैं और गहन पूछताछ कर चुकी हैं। रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे एनआईए की टीम फैजान सलमानी के घर पहुंची और घर के हर हिस्से की बारीकी से तलाशी ली। कार्रवाई के दौरान पूरी जांच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई।



अधिकारियों ने परिवार के सदस्यों से पूछताछ की तथा फैजान के पिता शकील अहमद सलमानी के मोबाइल फोन की भी जांच की। टीम घर में रखा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन अपने साथ ले गई। परिजनों के अनुसार पति-पत्नी एक ही मोबाइल का इस्तेमाल करते हैं। परिवार ने बताया कि छापेमारी के समय शकील अहमद सलमानी एक शादी समारोह में खाना बनाने गए हुए थे। बाद में जांच एजेंसी ने उन्हें अहमदाबाद पहु. चने के लिए कहा। परिजनों के मुता. बिक शकील अहमद ईद से पहले अपने बेटे फैजान से जेल में मिलने भी गए थे। उधर एनआईए की दूसरी टीम मैन रोड स्थित मुन्ना के घर पहुंची, जहां मुकीम के संबंध में जानकारी जुटाई गई। अधिकारियों ने परिवार से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी एकत्र की। सुबह करीब साढ़े नौ बजे तक वहां जांच कार्रवाई जारी रही।

एडिशनल एसपी अनुराग सिंह ने बताया कि एनआईए टीम द्वारा नरपत नगर में जांच और पूछताछ किए जाने की जानकारी मिली है। टीम ने दोनों युवकों के परिजनों से पूछताछ कर आवश्यक जांच पड़ताल की है।

# आगामी त्यौहार को लेकर कोतवाली में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** आगामी त्यौहार ईद-उल-अहा (बकरीद) को सकुशल एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर रविवार को कोतवाली शाहबाद परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी शाहबाद देवकीनंदन ने की, जबकि कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सहित समस्त हल्का इंचार्ज एवं पुलिस कर्मी मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भाग लेकर अपने सुझाव रखे। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक होते हैं। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है और त्योहार के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शासन की गाइडलाइन और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करते हुए त्योहार मनाया जाए। साथ ही उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश या अफवाह फैलाने वालों से सावधान रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस लगातार क्षेत्र में गश्त करेगी तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में मौजूद धर्मगुरुओं और गणमान्य लोगों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि शाहबाद क्षेत्र हमेशा से गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी भाईचारे के लिए जाना जाता रहा है और आगे भी इसी परंपरा को कायम रखा जाएगा।

इस दौरान साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, बिजली आपूर्ति और यातायात व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का आश्वासन दिया।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

## मारपीट करने में पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** मारपीट और गाली गलौच करने में पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कोतवाली क्षेत्र के कृपिया हप्पू गांव निवासी शोभरन ने कोतवाली में तहरीर दी जिसमें बताया गया कि मेरे गांव के ही आज सुबह के 8:30 बजे अपने घर पर अकेला था तभी मेरे गांव के जमीन खरीदने से नाराज गांव के ही गिरिराज , विकास दोनों पिता पुत्र अपने हाथों में डंडा लेकर मेरे घर में घुस गए और मेरे साथ मारपीट करने लगे आसपास के लोगों को आता देख पिता पुत्र जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए इस संबंध में शोभरन ने कोतवाली में तहरी दी तहरीर के आधार पर पिता पुत्र पर मारपीट गाली गलौज सहित कई धारा में हुई रिपोर्ट दर्ज प्रभारी निरीक्षक मनीराम ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी द्वारा कराई जा रही है।

# शहर की गली-गली में गूंज रहा श्रीनाथ जी का नाम रस, एक माह तक निकलेगी प्रभात फेरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर गौ सेवा परिवार, रामपुर द्वारा आयोजित "मधुर यात्रा (प्रभात फेरी)" का शुभारंभ रविवार प्रातः श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ हुआ। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, मातृशक्ति एवं युवाओं ने सहभागिता कर श्रीनाथ जी के जयघोष के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

यह प्रभात फेरी आगामी "श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव" (18 से 21 जुलाई 2026) के निमंत्रण हेतु पूरे एक माह तक प्रतिदिन शहर की विभिन्न गलियों एवं मोहल्लों में निकाली जाएगी। यात्रा के माध्यम से शहर की हर गली में श्रीनाथ जी का नाम रस पहुंचाया जाएगा तथा घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव का निमंत्रण दिया जाएगा।

प्रभात फेरी जोगी राम की बगिया मंदिर, तिलक कॉलोनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों एवं गलियों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पर सम्पन्न हुई।

यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, जयघोष एवं धार्मिक वातावरण ने क्षेत्रवासियों को भावविभोर कर दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा का पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर अभिनंदन किया।



आयोजकों ने बताया कि इस प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य समाज में सनातन संस्कृति, भक्ति एवं श्रीनाथ जी के प्रति प्रेम और जुड़ाव को जन-जन तक पहुंचाना है।

अधिक मास के इस पुण्य अवसर पर प्रतिदिन प्रभात फेरी के माध्यम से नगरवासियों को श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि "श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव" का आयोजन 18 से 21 जुलाई 2026 तक उत्सव पैलेस, सनातन धर्म रामलीला ग्राउंड, कोसी मार्ग, रामपुर में होगा।

प्रभात फेरी मे सी ए शलभ अग्रवाल, अरविन्द अग्रवाल, नेहा टंडन, कोमल मित्तल, प्रतिभा अग्रवाल, वीना अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, निमित्त अग्रवाल, भावना गुप्ता, ज्योति गुप्ता, अंतरा, अनीता वैश्य, पुष्कर, शोभित, राघव, शुभम, आशीष, साहिल, बृजेश अग्रवाल आदि लोग सम्मिलित रहे।

## मिठाई के पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी



शाह टाइम्स संवाददाता

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के धमोरा गांव निवासी बाबूराम की मिठाई की दुकान है, 12 मई को बंशीपुर गांव के रहने बाले देबीदास ने उनकी दुकान से मिठाई उधार ली थी। जिसका बकाया पेमेंट रविवार सुबह सुबह फोन पर मंगे तो उनके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दे डाली। जिसके बाद दुकानदार बाबूराम ने धमोरा चौकी पहुंचकर तहरीर दी है।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने चार शिक्षकों को दिए कन्यादान चेक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज पहाड़ी गेट के सभागार में कन्यादान चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक अनुपम कुमार पटेल ने की। इस दौरान जनपद के चार पात्र शिक्षकों को 51-51 हजार रुपये के कन्यादान चेक वितरित किए गए। लाभार्थियों में मिलक ब्लॉक के मुकेश कुमार यादव, स्वार ब्लॉक के त्रिलोकी नाथ, रमेश चंद्र तथा चमरौआ ब्लॉक के करतार सिंह शामिल रहे। जिला संयोजक अनुपम कुमार पटेल ने कहा कि टीम दिवंगत शिक्षकों के परिवारों की सहायता के साथ-साथ कन्यादान योजना के माध्यम से भी आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि टीम के सदस्य मात्र एक रुपये का सहयोग देकर इस पुण्य कार्य में भागीदारी निभाते हैं और



एकत्रित राशि पात्र परिवारों में बराबर बांटी जाती है। इससे पूर्व भी तीन शिक्षकों को 55-55 हजार रुपये के चेक प्रदान किए जा चुके हैं। मंडल संयोजक जगदीश पटेल ने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता नहीं बल्कि उन लोगों को भी कन्यादान जैसे पुण्य कार्य में सहभागी बनने का अवसर देती है जिनके घर बेटियां नहीं हैं। वहीं बरेली से पहुंचे प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेंद्र गंगवार ने कहा कि टीम से बेसिक, माध्यमिक, डायट, बीएसए कार्यालय और बीआरसी कार्यालय के कर्मचारी तेजी से जुड़ रहे हैं।

मुख्य अतिथि एवं राजकीय इंटर कॉलेज पहाड़ी गेट के प्रधानाचार्य मोहन स्वरूप गंगवार ने टीम के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था समाजहित में सराहनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम में कन्यादान प्रभारी श्रीमती लता पाल सहित जिला व ब्लॉक टीम के पदाधिकारियों ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला सह संयोजक केशव कुमार ने किया, जबकि अंत में अनुपम कुमार पटेल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हरिओम शर्मा, उमाकांत, नसीम अहमद, नितिन राजपूत, बरुण आर्य, विवेक यादव, रोहित सक्सेना, जेपी सिंह, चंद्र पाल सिंह, नरेंद्र सैनी, हरद्वारी लाल, दमयंती गंगवार, सौरभ शर्मा, सुंदर लाल और भानु प्रताप सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से भाई-बहन गंभीर घायल, चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पटवाई क्षेत्र के ग्राम बिचका निवासी सुमित और उसकी बहन नेहा 17 अप्रैल 2026 की शाम करीब 6:30 बजे अपनी मौसी के घर से बाइक द्वारा वापस घर लौट रहे थे।

जैसे ही वह शाहबाद क्षेत्र में जादीदपुर चौराहे के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर संख्या UP 22BE-8742 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया। बताया गया कि जिला अस्पताल में भी समुचित सुविधा न मिलने पर परिजनों ने दोनों का उपचार निजी अस्पताल में कराया, जहां उनका इलाज अभी भी जारी है।

घटना को लेकर घायल पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई, जिसके आधार पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# ईंधन बचत को लेकर आईआईए का आह्वान, उद्यमियों से स्वदेशी अपनाने की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल के निर्देश एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने के आह्वान पर आईआईए रामपुर चेयरमैन श्रीश गुप्ता ने जिले के सभी औद्योगिक संस्थानों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए सभी उद्योगपति और कर्मचारी यथासंभव ईंधन की खपत कम करें। इसके लिए वर्क फ्रॉम होम को बढ़ावा देने, स्टाफ पूलिंग कर एक ही वाहन से फैक्ट्री आने-जाने तथा



इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिक इस्तेमाल की सलाह दी गई है। साथ ही परिवार के सदस्यों को एक ही कार का उपयोग करने और सार्वजनिक परिवहन अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। श्रीश गुप्ता ने कहा कि रामपुर जिले में करीब 1000 फैक्ट्रियां संचालित हैं। यदि सभी उद्यमी मिलकर छोटे-छोटे प्रयास करें तो बड़ी मात्रा में पेट्रोल और डीजल की बचत संभव है। उन्होंने कहा कि विदेशी मुद्रा खर्च करने वाले कार्यों से बचना चाहिए और सोने में निवेश की बजाय स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने उद्योगपतियों और आम नागरिकों से विदेश यात्राओं के स्थान पर भारत भ्रमण को बढ़ावा देने तथा देशहित में अधिक से अधिक योगदान देने की अपील की।

## दिनदहाड़े बकरी चोरी की कोशिश से दहशत, पीछा करने पर कब्रिस्तान के पास छोड़ भागे चोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला गुलाबनगर में शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब घर के बाहर बंधी बकरी को बाइक सवार दो युवक चोरी कर ले गए। हालांकि शोर मचने और पीछा किए जाने पर आरोपी रास्ते में ही बकरी छोड़कर फरार हो गए।मोहल्ला गुलाबनगर निवासी असलम पुत्र खलील अहमद के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे उनकी बकरी घर के गेट पर बंधी हुई थी। इसी दौरान सफेद रंग की स्प्लेंडर बाइक पर सवार दो अज्ञात युवक मौके पर पहुंचे और बकरी खोलकर लेकर भागने लगे।आहट मिलने पर जब असलम घर से बाहर निकले तो उन्होंने दोनों युवकों को बकरी ले जाते देखा। इसके बाद उन्होंने आसपास के लोगों के साथ बाइक सवारों का पीछा शुरू कर दिया। खुद को घिरता देख आरोपी शाहबाद-बिलारी मार्ग स्थित धर्मपुर कलां के कब्रिस्तान के पास बकरी छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद मोहल्ले में दहशत और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी इलाके में पशु चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे लोग परेशान हैं और अब अपने पशुओं की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने को मजबूर हैं। पीड़ित ने थाना सैफनी में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# फेसबुक लाइव के जरिए धमकी देने का आरोप

## बजरंग दल के कथित नेता के खिलाफ मिलक थाने में तहरीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मिलक क्षेत्र के मोहल्ला अस्दुल्लापुर निवासी आदेश कुमार शंखधार ने बजरंग दल के कथित नेता सूरज पटेल के खिलाफ मिलक थाने में तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपी ने कई बार फेसबुक लाइव प्रसारण कर उनके खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, सामाजिक छवि धूमिल करने का प्रयास किया तथा जान से मारने जैसी धमकियां दीं। प्रार्थी के अनुसार 19 जनवरी और 25 फरवरी 2026 को आरोपी ने फेसबुक लाइव के दौरान उनका नाम लेकर



आदेश कुमार शंखधार

दलाली सहित कई निराधार आरोप लगाए। आरोप है कि लाइव के दौरान "देख लूंगा" और "निपट लूंगा" जैसी धमकियां भी दी गईं, जिससे परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। तहरीर में कहा गया है कि 8 मई 2026 को फेसबुक पर डाले गए एक अन्य वीडियो में भी आरोपी द्वारा धमकी दी गई। शिकायतकर्ता ने संबंधित वीडियो लिंक पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। आदेश कुमार शंखधार ने आरोप लगाया कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से कानून-व्यवस्था को चुनौती देने और जातीय तनाव फैलाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की मांग की है।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का कहर

## बच्ची सहित तीन को रौंदा, युवक की मौत

■ गुसाई भीड़ ने कार चालक की पिटाई कर पुलिस को सौप दिया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरिया।** रॉग साइड से आई एक स्कॉर्पियो कई बाइक सवारों को कुचलती हुई तीन लोगों को समेटकर अपने साथ ले गई, इस पूरी घटना का वीडियो पास ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। अमरिया थाना क्षेत्र से रोंगटे खड़े देने वाली घटना सामने आई है।

यहां हरिद्वार नेशनल हाईवे पर शनिवार देर रात सितारगंज की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने जूस के ठेले पर खड़े लोगों की रौंद दिया। बच्ची और एक व्यक्ति थोड़ी दूर पर स्कॉर्पियों की जद से बाहर आ गए मगर एक शख्स को बेकाबू स्कॉर्पियों 100 मीटर तक घसीटती रही, उसकी मौत हो गई है। हादसा शनिवार रात करीब 10:00 बजे हुआ, जब अमरिया कस्बा के निवासी मुदित गुप्ता अपने रिश्तेदार आशीष गुप्ता और 8 वर्षीय बच्ची नित्या गुप्ता के साथ हाईवे किनारे लगे जूस के ठेले पर जूस पीने पहुंचे थे। तीनों ठेले के पास खड़े होकर जूस पी रहे थे। तभी सितारगंज की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई और फिर उसने ठेले के पास खड़े लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने कार चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। थाना अमरिया पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु भेजा गया, जहां घायल मुदित गुप्ता की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। अन्य घायलों की स्थिति सामान्य है। पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर वाहन चालक को हिरासत में लिया गया है, अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# अंशकालिक अनुदेशकों का सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, उ0प्र0 लखनऊ के आदेशों के क्रम में मुख्य मंत्री की अध्यक्षता में परिषदीय उच्च प्राथमिक, संविलियन विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण के अवसर पर लोक भवन सभागार लखनऊ से होने वाले सजीव प्रसारण कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद बदायूँ में अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, कलैक्ट्रेट बदायूँ में समानान्तर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें जनपद के अंशकालिक अनुदेशकों को सम्मिलित कर सजीव प्रसारण सुनवाया गया और बढ़े हुए मानदेय का चेक एवं प्रतीक चिन्ह देकर समानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ बीएल वर्मा केन्द्रीय राज्य मंत्री उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और सामाजिक न्याय व अधिकरिता मंत्रालय, अरूण कुमार सक्सेना राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार वन पर्यावरण जन्तु विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन, हरीश शाक्य विधायक बिल्सी, राजीव कुमार गुप्ता अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, बागीश पाठक एमएलसी के प्रतिनिधि शारदेन्दु पाठक, मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, अरूण कुमार अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद लखनऊ से मुख्य मंत्री का सजीव



प्रसारण सुनवाया गया। इसके बाद जनपद के उत्कृष्ट 15 अनुदेशकों को चौक और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही 150 अनुदेशकों को माल्यार्पण करते हुए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरूण कुमार सक्सेना राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार वन पर्यावरण जन्तु विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुदेशकों का मानदेय रू 9000 से बढ़ाकर रू 17000 कर दिया गया है, यह अनुदेशकों के लिए ऐतिहासिक दिन है। हरीश शाक्य विधायक बिल्सी द्वारा अपन उद्बोधन में अवहान किया कि अनुदेशक जो बेसिक शिक्षा विभाग में विभिन्न क्षेत्रों में दक्ष है और बच्चों को विविध कलाओं में पारांगत कर रहें है, इसी प्रकार से अध्यापन करते रहेगें, तो बच्चों की नीव मजबूत होगी। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, सीडीओ गामिनी सिंगला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार सिंह, कृष्ण कुमार प्रजापति, कमलेश कुमार, ज्योति सक्सैना, रामदास, सुदेश मिश्रा, कामिनी राठौर आदि थे।

## एक नजर

# ट्विग आर्ट एक्टिविटी में नन्हे बच्चों ने बनाई आकर्षक कलाकृतियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेन-हर गुरुकुल तथा बेन-हर किड्स वर्ल्ड में आज नन्हे-मुन्ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें अपनी कल्पनाशक्ति को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ट्विग आर्ट एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्री-नर्सरी से केजी तक के बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया।



छोटे-छोटे बच्चों ने सूखी टहनियों की सहायता से विभिन्न प्रकार की सुंदर आकृतियाँ बनाकर सभी का मन मोह लिया। इस गतिविधि का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा बनाई गई जानवरों की आकृतियाँ, फोटो फ्रेम, पेड़-पौधों की आकृतियाँ, आकर्षक डिजाइन्स, गुलदस्ते एवं अल्फाबेट्स रहे। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी, प्रबंध निदेशक गुरदित्त सिंह सैहमी, प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी, डॉ. निर्मल कौर, हेडमिस्ट्रेस पल्लवी पांडेय, नर्सरी इंचार्ज रीना सक्सेना एवं मोहिनी उपाध्याय, गतिविधि प्रभारी गुरसेवक सिंह तथा अकादमिक इंचार्ज आयुषी दीक्षित ने बच्चों एवं अध्यापिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मक कौशल, कल्पनाशक्ति एवं अभिव्यक्ति क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विद्यालय में भविष्य में भी इस प्रकार के रचनात्मक आयोजन निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# यूजीसी के खिलाफ जमकर गरजीं पल्लवी पटेल, सरकार पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और विधायक पल्लवी पटेल ने बीसलपुर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान (ग्राउंड) में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विश्व. विद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर हुंकार भरी। मैदान में उमड़ी भारी भीड़ के बीच उन्होंने शिक्षा व्यवस्था और युवाओं के भविष्य को लेकर तीखे सवाल उठाए।



रामलीला मैदान से युवाओं के हक में उठाई आवाज मंच से गरजते हुए पल्लवी पटेल ने कहा कि यूजीसी की नई नीतियां युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल रही हैं। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा आज देश का युवा डिग्री हाथ में लेकर सड़कों पर भटकने को मजबूर है। रामलीला मैदान की इस ऐतिहासिक धरती से मैं यह चेतावनी देना चाहती हूँ कि शिक्षा का निजीकरण कर गरीब, पिछड़े और दलित वर्ग के बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित करने की साजिश को देश का युवा कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।ष कार्यकर्ताओं में भरा जोश, प्रशासनिक ढिलाई पर भी घेरा तपती धूप के बावजूद रामलीला ग्राउंड में जुटे कार्यकर्ताओं में पल्लवी पटेल के भाषण ने भारी जोश भर दिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासनिक भ्रष्टाचार, किसानों की बदहाली और बीसलपुर क्षेत्र की उपेक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता की हर समस्या के लिए सड़क पर उतरकर संघर्ष करें।

# प्रेम संबंध के विवाद में युवक से मारपीट, जहर खाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम मितीपुर में प्रेम संबंधों के विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट और मान. सिक प्रताड़ना का मामला सामने आया है। युवक की पत्नी ने पांच लोगों पर उसके पति को प्रेमजाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने, घर में घुसकर मारपीट करने और लगातार परेशान करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

ग्राम मितीपुर निवासी अनीता देवी पत्नी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति को पिछले करीब पांच वर्षों से सिंह गौटिया निवासी एक युवती ने अपने प्रेमजाल में फंसा रखा था। आरोप है कि युवती और उसके परिजन उसके पति से लगातार रुपये-पैसों की मांग करते थे, और काफी धनराशि भी ले चुके हैं। जब उसके पति ने रुपये देने से मना किया तो आरोपियों ने उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया, और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे।

पीड़िता के अनुसार शनिवार सुबह करीब नौ से दस बजे के बीच सिंह गौटिया निवासी रमेश, नरेश, गंगा देई तथा हुसैन नगला निवासी करन मास्टर और उसकी पत्नी रूबी एक राय होकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए उसके पति के साथ मारपीट की। महिला का आरोप है कि शाम करीब साढ़े पांच बजे उसके पति बहेड़ी स्थित सेंटर प्वाइंट पर मोबाइल रिपेयरिंग का काम कर रहे थे। तभी आरोपी वहां भी पहुंच गए और दोबारा मारपीट कर लोगों के सामने बेइज्जत किया। लगातार प्रताड़ना और अपमान से परेशान होकर उसके पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सरकारी अस्पताल बहेड़ी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए बरेली रेफर कर दिया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिले स्मार्टफोन

■ केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद व राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने किए भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सरकार के कामों में पारदर्शिता को लेकर कभी दो राय नहीं रही, सरकार ने जो कहा वह कर दिखाया बाल विकास विभाग में तैनात आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की गई थीद्य प्रदेश भर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए मोबाइल खरीदना और अच्छी गुणवत्ता के साथ खरीदना एक बहुत बड़ा मिशन था, मगर सरकार ने अपने अन्य मिशन की भांति ही यह मिशन भी पूरी सफलता के साथ पूर्ण कर लिया और इस मिशन की कामयाबी का नतीजा यह निकला कि आज जिले की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन से नवाजा गया। सरकार की बड़ी जिम्मेदारियां को निभाने वाले पीलीभीत के सांसद



और केंद्रीय सरकार के राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग इलेक्ट्रॉनिक्स सूचना प्रौद्योगिकी जितिन प्रसाद व राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें ने एक बार फिर इस स्मार्टफोन वितरण की बड़ी जिम्मेदारी को निभाया और अपने कर कमलों से जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए।

कार्यक्रम के दौरान अवगत कराया गया कि मोबाइल की गुणवत्ता की बात की जाए तो गुणवत्ता आपको इस मोबाइल में 5ळ नेटवर्क के साथ एक बेहतरीन कैमरा उपलब्ध कराया गया है जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपनी पोषण ट्रैकर से लेकर अन्य ऑनलाइन सेवाओं का काम आसानी से निपटा सकेंगी।

उन्होंने कहा कि अब कार्यत्रियों को विभिन्न शासकीय कार्यो कार्यक्रमों में के फोटोग्राफ उपलब्ध कराने में किसी का मुंह नहीं देखना होगा अपना मोबाइल उठाया और कार्यक्रम की फोटो सेकेंडों में परियोजना से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगी। जनपद में कुल 1985 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं को मोबाइल प्राप्त कराए जाने है जिसमें से कार्यक्रम में प्रत्येक परियोजना से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बुलाकर कार्यक्रम में मोबाइल वितरण किया गया साथ ही मोबाइल वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय/राज्यमंत्री जितिन प्रसाद एवं राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा मंच पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सावित्री देवी, पूनम, चंद्र देवी, राज.ेश्वरी देवी, ममता देवी, सावित्री, मंजू जैन, सविता, संगीता, ममता और मुख्य सेविका रुचि को अपने हाथों से मोबाइल प्राप्त कराया गया।

मोबाइल वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के साथ राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, नवागत मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी सहित अन्य पदाधिकारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

# सेव इनवायरमेंट वेलफेयर सोसायटी ने ग्रामीणों को बताए तेंदुए से बचने के उपाय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** सेव इनवायरमेंट वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान मे रविवार को षमानव तेंदुआ संघर्ष समस्या एवं समाधानष विषय पर अध्ययन प्रारम्भकर दिया गया है जिसके क्रम में (दियुरा) थाना गजरौला निकट माला वन क्षेत्र में सोसायटी सदस्यों की एक टीम दोपहर एक बजे पहुंची ग्राम वासीयों से जानकारी प्राप्त की गई। उन्होने बताया कि यहाँ छोटे बड़े तीन तेंदुए है कल शाम तेंदुए ने एक किसान की बिल्ली को पकड़ लिया, तेंदुआ रोज खेतों में घूम रहा है तेन्दुओं को पकडने के लिये जो पिंजरा लगाया है वह भी निष्क्रिय अवस्था में है पिंजरा केवल शोपीस लग रहा है। टीम की ग्रामीणों को कहा बताया कि तेंदुआ दिखने पर अपने आप को हाथ उठाकर बड़ा दिखाने की कोशिश करे, धीरे- धीरे पीछे हटें पीठ न दिखायें, तेन्दुआ इन्सान से बहुत डरता है भागे नहीं, खेत में शाम 6 बजे के बाद न जाएं। सुबह 8 बजे के बाद जाए समूह में जाये, धान या गन्ना के खेत में जाते समय शोर मचायें। तेंदुआ दिखने पर मोबाइल से फोटो न बनाये, उसे ईंट पत्थर न मारे, उसे भागने का रास्ता दें। इस अवसर पर सोसायटी के सचिव पर्यावरण चिंतक टीएच खान, उपाध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, डा० राजेन्द्र प्रसाद दुबेदी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की बैठक आयोजित महा अधिवेशन की तैयारियों पर बनी रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के आवाहन पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुमित मल्होत्रा द्वारा की गई। बैठक में संगठन के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं जनपद भर से आए पत्रकार बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक का शुभारंभ संगठन के उद्देश्यों एवं पत्रकार हितों को ध्यान में रखते हुए किया गया। इस दौरान पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा हुई। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों को निष्पक्ष पत्रकारिता करते समय अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में संगठन की एकजुटता बेहद आवश्यक है। बैठक के दौरान आगामी 27 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय महा अधिवेशन को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई। महा अधिवेशन में जनपद से अधिकाधिक संख्या में पत्रकारों की सहभागिता सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया गया। संगठन के पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु



रूपरेखा तय की गई। जिला संरक्षक प्रवेश राठौर ने अपने संबोधन में पत्रकारों की समस्याओं, उत्पीड़न, सुरक्षा एवं अधिकारों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने का आह्वान भी किया गया।

बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने संगठन की मजबूती एवं पत्रकार हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन संगठन के पदाधिकारियों द्वारा सभी उपस्थित पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में सुनीं गई कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** विकास भवन स्थित गोमती सभागार में रविवार को उप्र राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, जनपद शाखा पीलीभीत की जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष संजय कुमार तोमर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया और कर्मचारियों की लंबित सेवा संबंधी समस्याओं पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष डॉ. अनीता तिवारी ने पुरजोर तरीके से महिलाओं को जनगणना कार्य से मुक्त रखने का अनुरोध किया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के संविदा कर्मचारियों को पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने पर गहरा रोष जताया गया। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) से मिलकर आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। रोशनी वर्मा (ग्राम पंचायत अधिकारी) ने पंचायत राज विभाग के कर्मचारियों के वेतन और अन्य देयकों का भुगतान न होने का मुद्दा उठाया।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने सफाई कर्मचारियों के वेतन विसंगति और मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को देयकों का भुगतान न होने का मामला प्रमुखता से रखा। बैठक के दौरान संगठन ने अपने उन साथियों को याद किया जो सेवाकाल के दौरान दुनिया छोड़ गए। अनिल कुमार (ग्राम पंचायत अधिकारी), संजय कुमार सिंह (चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी) व अन्य सफाई कर्मचारियों के निधन पर सदन में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में उप्र ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी के विस्तार की भी घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष संजय कुमार तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारी अपनी एकता और अखंडता को बनाए रखें। उन्होंने आश्वस्त किया कि समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर संबंधित उच्चाधिकारियों से मिलकर कराया जाएगा। बैठक का संचालन राम किशोर ने किया और अंत में जिला मंत्री सुधीर कुमार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिव शंकर मौर्य, राम किशोर, विजय राज, मो. रिजवान, राज कुमार पासवान, हशमुद्दीन खां, राजवीर सिंह, हरपाल सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिसौली में ईद उल अजहा को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रविवार को कोतवाली परिसर में आगामी ईद के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

नायब तहसीलदार अनंगराज सिंह ने कहा कि ईद पर किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं की जाएगी उन्होंने सभी से परंपरागत रूप से त्योहार मनाने और खुले में कुर्बानी न करने का आग्रह किया। सीओ संजीव कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की खुराफात या नई परंपरा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा की कुर्बानी के बाद बचे अवशेषों को गड्ढा खोदकर उसमें दफनाया जाए ताकि स्वच्छता बनी रहे। पुलिस इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने कहा कि पुलिस की चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रहेगी और शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खुले शब्दों में कहा कि कानून को हाथ में लेने का प्रयास करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम चमन गिरी, चौकी इंचार्ज अमित चौहान, दबतोरी चौकी इंचार्ज रामवीर सिंह, मदरसे के प्रिंसिपल इफ्तेखार अहमद अशरफी, मौलाना शादाब रजा उवैसी, मौलाना अफलाक रजा उवैसी, हाफिज नदीम रजा, हाफिज असलम रजा, सभासद दीपक पाठक, कृष्णा गुप्ता, संजय अग्रवाल, अमरदीप गर्ग, श्रीराम रस्तोगी, बड़ी मस्जिद के सदर मुन्ने खां, मशहूद खां हमदम, इशहाक सैफी, प्रधान मुस्तरफ खां, पूर्व प्रधान आरिफ खां आदि मौजूद रहे।



# ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों जैसी सुविधाएं देना हमारी प्राथमिकता: जितिन प्रसाद

■ सांसद निधि से बने बारात घर का किया उद्‌घाटन, जनसभा को किया संबोधित
■ अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश
■ ई-वाहन से पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री, पर्यावरण और ईधन बचत का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बीसलपुर केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने क्षेत्र के ग्राम बौनी में अपनी सांसद निधि से नवनिर्मित बारात घर का भव्य उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शीर्ष पर है।

श्री जितिन प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण जनता की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए ही उन्होंने अपनी सांसद निधि का एक बड़ा हिस्सा पूरे लोकसभा क्षेत्र में बारात घरों और अंत्येष्टि स्थलों जैसे महत्वपूर्ण जनकार्यों के लिए आवंटित किया है। ई-वाहन से पहुंचकर दिया विशेष संदेश इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि केंद्रीय राज्य मंत्री आज स्वयं इलेक्ट्रॉनिक वाहन (ई-वाहन) से अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। अपने संबोधन में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए आम जनता से भी डीजल और पेट्रोल की बचत करने तथा ई-वाहनों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। जनसभा के दौरान ग्राम



बौनी और आसपास के ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें मुख्य रूप से विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं और खेल मैदान को अवैध कब्जे से खाली कराने की मांग शामिल रही। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जितिन प्रसाद ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को कड़ी हिदायत दी और जनसमस्याओं का अविलंब निस्तारण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में पहुंचने से पहले गुलेन्दा चौराहे पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों द्वारा केंद्रीय राज्य मंत्री का फूल-मालाओं के साथ बेहद भव्य स्वागत किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बीसलपुर के उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडेय सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारी समेत बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, किसान नेता देव स्वरूप पटेल, ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, आयुष मिश्रा, सौरभ गुप्ता, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष शरद पाल सिंह, डॉ. प्रथमेश भारद्वाज सहित भारी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गांव हरीपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्‌घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती/बदायूं।** क्षेत्र के गांव हरीपुर में क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्‌घाटन हुआ। जिसका उद्‌घाटन उदयपाल सिंह (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) के बड़े पुत्र सतीश कुमार ने फीता काटकर किया। पहला मुकाबला बंजरा और पिनौनी के बीच हुआ। पीनौनी टीम ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी की। पीनौनी की टीम ने 12 ओवर में 94 रन बना कर बंजरा की टीम को 95 रन का टारगेट दिया। बंजरा टीम अपनी बल्लेबाजी में 70 रन पर ही सिमट गई। पिनौनी की ओर से खिलाड़ी काले ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी गेंदबाजी में तीन ओवर में 6 रन देकर 4 विकेट झटके। इस मैच में काले मैन ऑफ द मैच रहे।



# मुरादाबाद की युवती ने बदायूं के युवक से किया प्रेम विवाह, परिजनों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मुरादाबाद की रहने वाली युवती ने बदायूं के युवक से किया प्रेम विवाह, अपने माता-पिता पर लगाया पति का उत्पीड़न करने का आरोप। मुरादाबाद जनपद की रहने वाली एक युवती ने अपनी मर्जी से बदायूं जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम गोठा निवासी युवक से शादी कर ली। युवती ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है और अपने माता-पिता पर पति को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है। युवती ने बताया कि उसने अपनी इच्छा से युवक संजय पुत्र गोरखनाथ निवासी ग्राम गोटा थाना वजीरगंज से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार विवाह किया है। युवती का आरोप है कि उसके माता-पिता और परिवार के लोग इस शादी से नाराज हैं तथा उसके पति और ससुराल वालों को झूठे मामले में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। युवती ने यह भी कहा कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से पति के घर बालों के साथ रह रही है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में युवती ने अपने माता-पिता के खिलाफ कार्रवाई किए जाने तथा उसे और उसके पति को सुरक्षा प्रदान करने की मांग उठाई है।

# महिलाएं किसी के साथ पासवर्ड व अनजान लिंक पर क्लिक न करें: पूजा तोमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत कोतवाली क्षेत्र के गांव कुढोली में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को शिक्षा के महत्व और सशक्त भविष्य के लिए आत्मरक्षा की बुनियादी तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया।

रविवार को मिशन शक्ति टीम का नेतृत्व कर रही महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने महिलाओं को सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह, उद्यमिता प्रशिक्षण और शक्ति सदन जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति टीम नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर रही है, शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पूजा तोमर ने महिलाओं को सलाह दी कि वह किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, पासवर्ड साझा न करें और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। इस दौरान महिला आरक्षी कृष्णा, महिला कांस्टेबल प्रीति, कोमल, उन्नति, महिला कांस्टेबल स्वेता, महिला कांस्टेबल स्वाति आदि उपस्थित रही।

# पुलिस ने वापस दिलाया ऑटो में छूटा बैग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** यातायात पुलिस की सक्रियता और एक ऑटो चालक की ईमानदारी के चलते एक पीड़ित परिवार की गाढ़ी कमाई और कीमती जेवर सुरक्षित वापस मिल गए। ऑटो में छूटे 61,300 नगद और सोने की अंगूठी समेत सारा सामान वापस पाकर पीड़ित परिवार ने यातायात पुलिस का आभार जताया है। कुंवरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सोई निवासी ओमकार पुत्र स्व. ज्ञान लाल 15 मई को अपने गांव से बदायूं आ रहे थे। इंद्रा चौक चौराहे के पास उतरते समय उनका बैग ऑटो में ही छूट गया। 16 मई को उन्होंने इसकी सूचना टीएसआई ललित कुमार को दी। एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन, एसपी सिटी अभिषेक कुमार सिंह व सीओ सिटी/यातायात रजनीश उपाध्याय के पर्यवेक्षण में ट्रैफिक पुलिस ने तुरंत चौराहों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। इंद्रा चौक के कैमरे में ऑटो संख्या UP24CT0147 की पहचान हुई। पुलिस ने ई-चालान ऐप के जरिए ऑटो चालक मनोज कुमार (निवासी दबरई, थाना सिविल लाइन) का नाम-पता निकाला और मोबाइल पर संपर्क किया। चालक मनोज ने भी ईमानदारी दिखाते हुए बैग सुरक्षित होने की बात स्वीकार की। इसके बाद उसे बैग सहित यातायात कार्यालय बुलाया गया। टीएसआई ललित कुमार ने ओमकार और उनकी पत्नी शकुंतला देवी बैग दे दिया।

### तेज रफ्तार आईटेन कार ने लूना सवार को रौंदा, दुर्घटना में पलटी कार, कई घायल

# हादसे में ताला कारोबारी की मौत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** तेज रफ्तार आईटेन ने लूना सवार ताला कारोबारी को रौंद दिया। हादसे के बाद बेकाबू कार दो टप्पे खाने के बाद सड़क पर उल्टी हो गई। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जिससे घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार कर मृतक को सुपुर्देखाक कर दिया।

नगर के मोहल्ला नल नई बस्ती निवासी रोशन अहमद ताला कारोबारी थे। उनकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है। परिवार में तीन बेटियां है जिनकी शादी हो चुकी है। परिजनों के मुता. बिक शनिवार की रात करीब नौ बजे लूना पर सवार होकर दुकानों से तकादा कर घर लौट रहे थे। बिजनौर रोड पर दरगाह शाह विलायत चौराहे से कुछ आगे पेट्रोल पंप के सामने से आ रही तेज रफ्तार आई टेन ने टक्कर मार दी। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में लूना बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि हवा में उछलकर दूर जा गिरे रोशन अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए और बेकाबू आई टेन दो टप्पे खाने के बाद उल्टी हो गई। मौके पर जमा भीड़ ने कार से उतरकर भाग रहे चालक को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। रोशन अहमद को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां परिजन उन्हें निजी अस्पताल ले गए। रविवार दोपहर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रभारी सुनील कुमार ने बताया के परि. जनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। उन्हें सुपर्द खाक कर दिया गया। मामले की कोई अग्रिम कार्रवाई नहीं की गई।

# पत्नी की बेवफाई से क्षुब्ध पति ने लगाई फांसी

### पत्नी व उसके प्रेमी के खिलाफ मुकदमा, परिजनों में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** पत्नी को प्रेमी के साथ देखने के बाद एक युवक ने ऐसा खौफनाक कदम उठा लिया, जिससे पूरे परिवार में कोहराम मच गया। शादीशुदा जिंदगी में लंबे समय से चल रहे विवाद और तनाव के बीच युवक ने घर पहुंचकर फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों ने पत्नी और उसके प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुक. दमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

नगर के मोहल्ला गशितयान निवासी स्व. प्रमोद कुमार के बेटे सचिन कुमार की शादी करीब तीन वर्ष पहले डिडौली क्षेत्र निवासी शिवानी के साथ हुई थी। दम्पती का डेढ़ साल का एक बेटा भी है। बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद रहता था। मोहल्ले में चर्चा है कि शिवानी मोहल्ला शाह अली सराय निवासी सचिन से बातचीत करती थी और उसके साथ चली गई। पति सचिन इसका विरोध करता था। शिवानी ने तलाक का मुकदमा न्यायालय में दाखिल कर दिया। 15 मई को सचिन मुकदमे के मामले में कचहरी गया था तभी उसने अपनी पत्नी शिवानी को उसके प्रेमी सचिन के साथ देखा। इससे परेशान होकर सचिन घर आया और शनिवार को घर में दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में मृतक सचिन की मां बबीता की तहरीर पर शिवानी और उसके प्रेमी सचिन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्दी ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शराबी ने चलते टैम्पो का स्टेयरिंग मोड़ा

### बीच सड़क पलटा टैम्पो, पांच घायल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सैदनगली।** थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर एक शराबी युवक की हरकत से बड़ा हादसा हो गया। आरोप है कि चलते टेंपो का स्टेयरिंग मोड़ देने से टेंपो सड़क पर पलट गया। हादसे में टेंपो में बैठी पांच सवारियां घायल हो गईं। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित चालक ने आरा. पी युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव कालाखेड़ा निवासी अलाउद्दीन पुत्र इस्लाम टेंपो चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। रविवार दोपहर वह अमरोहा के संभल अड्डे से सवारियां लेकर सैद नगली जा रहा था। बताया जा रहा है कि उझारी के पास आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दुल्हेपुर अहीर निवासी प्रदीप नाम का युवक टेंपो में सवार हुआ। आरोप है कि टेंपो में बैठते ही युवक गाली-गलौज करने लगा। चालक अलाउद्दीन ने विरोध किया तो आरोपी उससे मारपीट पर उतारू हो गया। इसी दौरान जैसे ही टेंपो ढक्का मोड़ के पास पहुंचा, आरोपी ने अचानक चलते टेंपो का स्टेयरिंग पकड़कर मोड़ दिया। इससे टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। टेंपो में बैठी नगर निवासी शिवानी, शैली समेत पांच लोग घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित चालक ने आरोपी युवक के खिलाफ सैद नगली थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# विवाद सुलझाने गया व्यक्ति हुआ लापता

### अनहोनी की आशंका, तहरीर दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**सैदनगली।** बीच-बचाव करने गए एक व्यक्ति के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच के साथ उसकी तलाश में जुटी है।

थाना क्षेत्र के गांव हिसखेड़ा निवासी सर्वेश देवी के मुताबिक 15 मई की रात करीब आठ बजे पड़ोस के दो लोगों के बीच विवाद हो रहा था। उनके पति किरनपाल ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराकर मामला शांत करा दिया। आरोप है कि रात करीब नौ बजे विवाद में शामिल एक व्यक्ति का बड़ा भाई जितेंद्र समझौते की बात कहकर किरनपाल को घर से बुलाकर ले गया। इसके बाद से किरनपाल का कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं लगा। पीड़िता ने तीन लोगों पर पति के साथ किसी अप्रिय घटना की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। लापता व्यक्ति की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

## बाइक डिवाइडर से टकरायी, युवक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गजरौला स्थित मोहल्ला विजय नगर निवासी असलम अपनी पत्नी के साथ बाइक से अमरोहा जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही वह रजबपुर थाना क्षेत्र में टोल प्लाजा के पास पहुंचे, तभी अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में असलम घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोया में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## एक नजर

### दावत मांगने के विरोध पर श्रमिक को नौकरी से निकाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव जिवाई स्थित एक कंपनी में कार्यरत श्रमिक ने कंपनी के मुंशी और सुपरवाइजर पर दावत मांगने, गाली-गलौज करने तथा नौकरी से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भवानीपुर गांव निवासी योगेंद्र सिंह के मुताबिक उसकी नौकरी 24 अप्रैल को कंपनी में हेल्पर पद पर लगी थी। आरोप है कि नौकरी लगने के कुछ दिन बाद कंपनी के मुंशी और सुपरवाइजर ने उससे दावत देने की मांग की। जब उसने दावत देने से इनकार किया तो दोनों नाराज हो गए और उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर उसका गेट कार्ड बंद कर दिया गया और उसे कंपनी से बाहर निकाल दिया गया। इतना ही नहीं आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित शनिवार को डिडौली थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं कंपनी के सुपरवाइजर ने लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा प्रदेश मंत्री का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि का हसनपुर जाते समय जोया मुख्य चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष विजयवीर सिंह, दिवाकर शर्मा, सीमा चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष मीनू गुप्ता, पारुल अग्रवाल, शुभम चौधरी, अंकित दयाल, वाल्मीकि वासु वाल्मीकि, सुमित वाल्मीकि समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवती से मारपीट में भाईयों समेत तीन पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** डिडौली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा में युवती के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव निवासी सुनीता पत्नी स्वर्गीय बाबू राम का आरोप है कि वह किसी शादी समारोह में गई हुई थी। शुक्रवार सुबह पड़ोसी अमर सिंह की पुत्री फोन लेकर उसके घर पहुंची और उसकी बेटी विशाखा को फोन दे दिया। इसी बात को लेकर विकास व छोटू पुत्रगण अमर सिंह तथा एक अन्य महिला ने मिलकर उसकी बेटी विशाखा के साथ मारपीट कर दी।पीड़ित सुनीता का आरोप है कि जब उसे घटना की जानकारी हुई और वह मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नहर में नहाने गया किशोर तेज बहाव में बहा

### देर सांय तक चलता रहा सर्च अभियान, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** भीषण गर्मी के बीच नहर में नहाने गया एक किशोर तेज बहाव की चपेट में आकर डूब गया। घटना थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर रझेड़ा की है। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। देर शाम तक गोताखोर नहर में किशोर की तलाश में जुटे रहे।

गांव निवासी जसरुद्दीन सैफी का 17 वर्षीय पुत्र तसव रविवार दोपहर गांव के पास स्थित रामगंगा पोषक नहर के साइफन पर नहाने गया था। बताया जा रहा है कि इन दिनों नहर में पानी का बहाव काफी तेज चल रहा है। नहाते समय अचानक किशोर का संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में चला गया। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही देर में वह पानी के तेज बहाव में ओझल हो गया। घटना के बाद नहर किनारे ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर एसडीएम शैलेश कुमार दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों को तलाश अभियान चलाने के निर्देश दिए। देर शाम तक किशोर का कोई सुराग नहीं लग सका था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि तसव परिवार में सबसे बड़ा बेटा था। उसके पिता जसरुद्दीन सैफी किसी काम से बिहार गए हुए थे। बेटे के डूबने की सूचना मिलते ही वह गांव के लिए रवाना हो गए। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

# सड़क जाम करने में सात नामजद समेत 15 पर मुकदमा

### लोकेश हत्याकांड में जाम लगाने वालों पर पुलिस का शिकंजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** लोकेश टंडेल हत्याकांड के बाद अमरोहा-नौगावां सादात मार्ग पर जाम लगाकर हंगामा करना ग्रामीणों को भारी पड़ गया है। पुलिस ने सड़क जाम कर यातायात बाधित करने के आरोप में सात नामजद समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं जाम के दौरान हुई वीडियोग्राफी के आधार पर अन्य लोगों की पहचान कर आगे भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार रात को बिजनौर के शिवाला कलां में नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव अहलेदादपुर निवासी लोकेश टंडेल की एक जन्मदिन पार्टी में गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार शाम को एंबुलेंस से उसका शव घर लाया गया था। इस दौरान थाना शिवाला कलां से लेकर नौगावां सादात क्षेत्र तक रास्ते में भारी भीड़ जुट गई थी। कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस ने शव गांव तक पहुंचाया था। इसी बीच परिजनों ने गांव के लोगों के साथ अमरोहा-नौगावां सादात मार्ग पर याहियापुर चौराहा पर जाम लगा दिया था। लोकेश के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल हालात संभाले थे। बावजूद इसके उन्होंने लगभग चार घंटा मार्ग जाम लगाए रखा था। यहां तक कि दूर तक वाहनों की कतार लगने पर बाद में पुलिस को वाहनों को डायवर्ट करना पड़ा था। आक्रोशित भीड़ ने देर शाम में जाम खोला था। इस मामले में दरोगा गजेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने सड़क जाम करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने गांव अहलेदादपुर निवासी सत्यम, कुलदीप, देवेंद्र, दुष्यंत व परवेंद्र के अलावा गांव कासमपुर मेव निवासी संदीप व मयंक तथा एक अज्ञात को आरोपी बनाया है।

# शादी का वादा कर कई साल तक किया यौन शोषण

### कोर्ट ने युवक को दस साल की सजा सुनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** शादी का झांसा देकर महिला को प्रेमजाल में फंसाना और फिर कई सालों तक उसका यौन शोषण के मामले में कोर्ट ने युवक को 10 साल की कैद तथा 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

साल 2023 का यह मामला अमरोहा देहात थाने से जुड़ा था। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का पति से तलाक हो गया था। इसके बाद मुरादाबाद जिले के मझौली निवासी सौरभ ने महिला को शादी का झांसा देते हुए अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। इतना ही नहीं अमरोहा कचहरी में उसकी मांग में सिंदूर भरकर नोटरी से एक स्टांप पर शादी का ड्राफ्ट तैयार करा लिया। इसके बाद वह खुद को पति बताने लगा। लंबे समय तक दोनों पति-पत्नी की तरह साथ में रहे, फर्जी स्टांप की आड़ में सौरभ ने कई वर्षों तक महिला का यौन शोषण किया। महिला ने जब सामाजिक रूप से साथ रखने और धार्मिक रीति-रिवाज से विवाह करने का दबाव बनाया तो सौरभ बहानेबाजी शुरू कर दी। बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। इतना ही नहीं उसने महिला की अश्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। मामले में महिला ने सौरभ के घ्खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी सौरभ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल, मुकदमे में वह जमानत पर था। जिसकी सुनवाई के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित प्रथम की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष ने पीड़िता, उसकी मां और अन्य गवाहों के बयान के साथ मेडिकल साक्ष्य अदालत में पेश किए। विशेष लोक अभियोजक ने अदालत को बताया कि सौरभ ने महिला की भावनाओं और विश्वास के साथ छल करते हुए उसका यौन शोषण किया गया है। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी एडीजीसी देवेश नागर कर रहे थे। गुरुवार को अदालत ने सौरभ को दोषी करार दिया था। इसके बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया था। शनिवार को सजा के प्रश्न पर सुनवाई करते हुए अदालत ने उसे 10 साल कैद की सजा सुनाई तथा 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

# टैंट हाउस में आग से लाखों का नुकसान

### गांव बांसका कलां में आग में तांडव, परिवार में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**रहरा।** थाना क्षेत्र के गांव बांसका कलां में देर रात एक टेंट हाउस की दुकान में अचानक लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटों ने देखते ही देखते दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

गांव निवासी तंजीम का टेंट हाउस का कारोबार है। बताया जा रहा है कि रोजाना की तरह शनिवार रात भी वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात करीब 12 बजे ग्रामीणों ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनकी दुकान में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही तंजीम मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी और पूरी दुकान धू-धू कर जल रही थी। आग लगने की खबर मिलते ही गांव के सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए और आग बुझाने में जुट गए। ग्रामीणों ने घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि दुकान में रखा लगभग पूरा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित तंजीम के मुताबिक आग में करीब 150 लिहाफ, 150 गद्दे, 930 कुर्सियां, 200 कारपेट, 50 टेंट टॉप, 50 बड़े भगोने, 1200 प्लेट, 200 जग, 12 ड्रम, 130 टेबल और 20 देग समेत अन्य जरूरी सामान जल गया। शुरुआती अनुमान के मुताबिक हादसे में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

# ड्रिल मशीन से खुदाई के दौरान फटी गैस पाइप लाइन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**जोया।** डिडौली थाना क्षेत्र के गांव ढाकिया में शनिवार को खंभे लगाने के लिए की जा रही खुदाई के दौरान गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फटने से गैस रिसाव शुरू हो गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और गैस कंपनी की टीम मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार यूपी-112 को कॉलर रिहान ने सूचना दी कि गांव ढाकिया में गैस पाइपलाइन फट गई है। सूचना पर पीआरवी-5356 तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने एहतियात के तौर पर गैस लाइन की मेन सप्लाई बंद कराई और आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की सलाह दी। मौके पर मौजूद सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि सरकारी ठेकेदार द्वारा खंभे लगाने का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान ड्रिल मशीन से गड्ढा खोदते समय गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद तत्काल गैस सप्लाई बंद कराई गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम भी तैनात रही, जबकि गैस कंपनी के कर्मचारी पाइपलाइन की मरम्मत में जुट गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# दिनदहाड़े बीड़ी कारोबारी को अगवा करने का प्रयास

### रास्ते में घेरकर मारपीट, कार में डालकर हुए फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** दिनदहाड़े बीड़ी कारोबारी को कार सवार दबंगों द्वारा रास्ते में घेरकर जबरन उठाए जाने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। विरोध करने पर कारोबारी के साथ मारपीट की गई और उन्हें कार में डालकर ले जाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने करीब तीन घंटे में कारोबारी को नौगावां सादात के एक जैकेट कारखाने से सकुशल बरामद कर लिया। शुरुआती जांच में पैसों के लेनदेन का विवाद सामने आने पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव बीलना में बीड़ी कारोबारी अकबर सैफी का परिवार रहता है, शुक्रवार को वह किसी काम से अमरोहा गए थे। शाम में लगभग चार बजे बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। आरोप है कि जब याहियापुर तिराहे से गुजरते में कार सवार लोगों ने उन्हें रास्ते में घेरकर रोक लिया। जबरन कार में डाल कर ले जाने लगे, विरोध करने पर मारपीट की। इसके बाद आरोपी उन्हें कार में डालकर का कस्बे की ओर ले गए। उसी दौरान अकबर

**■ पुलिस ने तीन घंटे बाद जैकेट कारखाने से किया बरामद**

सैफी के परिचित गांव बीलना निवासी इशरत भी वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने घटना की जानकारी अकबर सैफी की पत्नी संजीदा को दी। संजीदा ने फौरन पुलिस को पति को अगवा किए जाने की जानकारी दी तथा खुद थाने पहुंच गई। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। शाम को लगभग सात बजे पुलिस ने नौगावां सादात के मोहल्ला नई बस्ती स्थित एक जैकेट कारखाने से अकबर सैफी को बरामद कर लिया। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि शुरुआती जांच में दोनों पक्षों में कारोबार को लेकर पैसों का विवाद सामने आया है। मामले में मोहसिन व बाबू खान निवासी मोहल्ला नई बस्ती नौगावां सादात तथा एक अज्ञात के खिलाफ परिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी फरार हैं, उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बेंगलुरु IPL-2026 के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम

**पंजाब लगातार छठा मैच हारी, कोहली-वेंकटेश के अर्धशतक, भुवनेश्वर को 2 विकेट:**

**धर्मशाला, वार्ता।** रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल में रविवार के पहले मैच में पंजाब किंग्स को 23 रन से हरा दिया। धर्मशाला में बेंगलुरु ने टास हारकर पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए।

जवाब में पंजाब 8 विकेट खोकर 199 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ बेंगलुरु के 18 पाइंट्स हो गए और टीम इस सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। वहीं, पंजाब की यह लगातार छठी हार रही। पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 19 रन तक 3 विकेट गंवा दिए। बाद में कूपर कोनोली, मार्कस स्टोयनिस और शशांक सिंह ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन टीम टारगेट से 23 रन दूर रह गई। शशांक ने 27 गेंदों पर 56 रन की तेज पारी खेली। गेंदबाजी में रसिख सलाम ने 3 विकेट झटके।



विराट कोहली ने मनाया अपना अर्धशतक।

जबकि भुवनेश्वर कुमार ने शुरुआती दो विकेट झटके। जोश हेडलवुड, सुयश शर्मा और रोमा. रियो शफर्ड को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले, बेंगलुरु के लिए विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रन की पारी खेली, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 25 गेंदों पर 45 रन बनाकर तेज शुरुआत दिलाई। आखिर में वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 73 रन बनाए, वहीं टिम डेविड ने 12 गेंदों पर 28 रन बनाकर टीम को 220 के पार पहुंचाया। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 4 ओवर में 35 रन देकर 2 विकेट लिए। युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह को 1-1 विकेट मिला। इस मैच में रजत पाटीदार की जगह जितेश शर्मा बेंगलुरु की कप्तानी कर रहे हैं। पाटीदार चोट के कारण यह मैच नहीं खेल रहे हैं। आखिरी ओवर में रसिख सलाम ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बेंगलुरु की जीत पक्की कर दी। उन्होंने पहले सेट बल्लेबाज शसांक सिंह को 56 रन पर आउट कराया, जिन्हें लान्ग-आन पर विराट कोहली ने कैच किया। ओवर की आखिरी गेंद पर ओमरजई भी टिम डेविड को कैच दे बैठे।

पंजाब आखिरी ओवर में 9 रन ही बना सकी और टीम 199/8 तक पहुंच पाई। 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर शशांक सिंह ने चौका जड़ा और सिर्फ 22 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। लो फुलटास पर उन्होंने मिडिल से शफल करके लान्ग-आन के ऊपर से बेहतरीन फिनिश किया। 17वें ओवर की पहली बाल पर जोश हेजलवुड ने बेंगलुरु को बड़ा विकेट दिलाया। फुलटास गेंद पर मार्कस स्टोयनिस बड़ा शाट खेलने से चूक गए और गेंद सीधे पैड पर जा लगी। अंपायर ने स्ठॅ दिया, जिसके बाद स्टोयनिस ने रिव्यू लिया, लेकिन बाल ट्रैकिंग में गेंद लेग स्टंप को छूती दिखी और फैसला बरकरार रहा। स्टोयनिस 25 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब ने 13वें ओवर में जोरदार वापसी की। शशांक सिंह ने सुयश शर्मा के ओवर में दो लगातार छक्के जड़े और ओवर से कुल 20 रन बटोरे। दूसरी ओर मार्कस स्टोयनिस ने भी अच्छी साझेदारी निभाई, जिससे पंजाब ने रन गति फिर तेज कर दी। रोमारियो शेफर्ड ने 8वें ओवर में बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। अच्छी बल्लेबाजी कर रहे कूपर कोनोली लेग साइड में बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद को दूरी नहीं दे सके। डीप बैकवर्ड स्क्वेयर लेग पर जैकब बेथेल ने बाउंड्री के पास शानदार कैच पकड़ा। कोनोली 22 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब की शुरुआत बेहद खराब रही। भुवनेश्वर कुमार ने पहले ही ओवर में प्रियांश अय्यर को शून्य पर आउट किया और फिर प्रभसिमरन सिंह को भी सिर्फ 2 रन पर चलता किया। इसके बाद रसिख सलाम ने श्रेयस अय्यर का विकेट लेकर पंजाब की मुश्किलें बढ़ा दीं। पंजाब ने पावरप्ले में 49 रन बनाए और 3 विकेट गंवाए। इम्पैक्ट प्लेयर रसिख सलाम ने आते ही बड़ा झटका दे दिया। चौथे ओवर की दूसरी बाल पर उन्होंने शानदार लेंथ गेंद पर श्रेयस अय्यर को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। ऑफ स्टंप के बाहर पड़कर गेंद हल्की सी बाहर निकली और अतिरिक्त उछाल के कारण अ"यर सिर्फ किनारा दे सके। शार्ट पारी खेलते हुए श्रेयस 3 गेंदों में 1 रन बनाकर आउट हुए।

खेल विशेष

## नोआ लाइल्स ने गोल्डन ग्रां प्री में 100 मीटर की दौड़ 9.95 सेकंड में जीती

**टोक्यो, वार्ता।** मौजूदा ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन अमेरिका के नोआ लाइल्स ने रविवार यहां आयोजित गोल्डन ग्रैंड प्रिक्स एथलेटिक्स मीट में 2026 की अपनी पहली 100मीटर की दौड़ 9-95 सेकंड में जीती। इस सीजन में दुनिया में छठे सबसे तेज धावक नोआ के लिए यह जीत का समय अच्छा रहा। दूसरी स्पर्धाओं में, ओलंपिक 400मी हर्डल्स चैंपियन राय बेंजा. मिन ने दो फाइनल हीट में 400मी फ्लैट रेस 44-69 सेकंड में जीती। यह बेंजामिन की दो साल से ज्यादा समय में फ्लैट जमीन पर पहली 400मी रेस थी, और यह उनके पर्सनल बेस्ट से 0-38 सेकंड कम थी। मुकाबले के बाद अमेरिकी धावक बेंजामिन ने कहा कि यह बहुत अच्छा था, एक अजीब सा, बस 400मी की उस रिदम को फिर से महसूस करने की कोशिश कर रहा था, इसलिए मुझे लगता है कि 44-6 सेकंड में बाहर आकर बहुत खुश हूं।

## हरचरण सिंह सातवें स्थान पर रहे

**गांधीनगर, वार्ता।** महात्मा मंदिर एग्जीबिशन हॉल, गांधीनगर में 2026 डब्ल्यूएफ एशियन सीनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के छठे दिन पुरुषों की 110किंग्रा कैटेगरी में रोमांचक मुकाबले हुए, जिसमें एशियन वेटलिफ्टरों ने वर्ल्ड-क्लास परफॉर्मेंस दी। चीन के लियू हुआनहुआ 420किंग्रा का शानदार टोटल लिफ्ट करके ओवरऑल चैंपियन बने, और टोटल और स्नैच कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। ईरान के अलीरेजा नासिरी ने क्लीन एंड जर्क में शानदार 231किंग्रा लिफ्ट करके अपना दबदबा बनाया। भारत के हरचरण सिंह ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार परफॉर्मेंस दी, और कुल 338किंग्रा के साथ सातवें नम्बर पर रहे। इंडियन वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के प्रेसिडेंट ने मेडल जीतने वालों और हिस्सा लेने वालों को उनके परफॉर्मेंस के लिए बधाई दी, जो एशियन वेटलिफ्टिग के बढ़ते स्टैंडर्ड और कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है।

## सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन में उपविजेता रहे

**पटुमवान (थाईलैंड), वार्ता।** भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी थाईलैंड ओपन में रनर-अप रहे, उन्हें इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट में 21-12, 25-23 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में वापसी की, जोरदार वापसी की और गेम को आखिर तक खींचा, जहां लगातार पांच चैंपियनशिप पॉइंट बचाने के बाद, वे आखिरकार 25-23 से हार गए। 2026 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सीजन के अपने पहले फाइनल में हिस्सा ले रहे टॉप सीडेड भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, बिना सीड वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से 53 मिनट में हार गए।

## एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में रविवार को 5 विकेट से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब ने पहले बॉलिंग करने का फैसला किया। फेंड्स क्रिकेट क्लब ने देव मेहरा 102(98), यशवर्धन ओबेरॉय 62(55) और आर्य सिंह 28(45) की मदद से 40 ओवर में 9 विकेट पर 239 रन बनाए। एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब के बॉलर र्हा भारद्वाज ने 46 रन देकर 3 विकेट, अमन गोस्वामी ने 25 रन देकर 2 विकेट और रौनक ने 46 रन देकर 2 विकेट लिए। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की बॉलिंग में, घनश्याम ने 39 रन देकर 2 विकेट लिए, प्रिस मेहरा ने 51 रन देकर 2 विकेट लिए और आर्य सिंह ने 22 रन देकर 1 विकेट लिया। संक्षिप्त स्कोर: फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब - 40 ओवर में 9 विकेट पर 239 रन (देव मेहरा - 102(98), यशवर्धन ओबेरॉय - 62(55) और आर्य सिंह - 28(45), एसेक्स फार्म क्रिकेट क्लब - 32-1 ओवर में 5 विकेट पर 242 रन (काव्या - 77(61),आशीा तंवर - 57(59) और कृा यादव - 46(28) कीमती प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार - काव्या (एसेक्स फार्म) - 77(61) को दिया गया।

## ऑरेंज कैप टेबल में सुदर्शन और गिल ने किया पहले और दूसरे नम्बर पर कब्जा

**कोलकाता, वार्ता।** कोलक. ाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने शनिवार को ईडन गार्डन्स में गुजरात टाइटंस (जीटी) की मेजबानी की और उन्हें 29 रन से हरा दिया। अंक तालिका में नम्बर 8 पर मौजूद टीम ने नम्बर 2 को मात दी। मैच के बाद आईपीएल 2026 की पर्पल कैप सूची में तो कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ, लेकिन ऑरेंज कैप तालिका पूरी तरह बदल गई।



ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड जीटी मैच हार गई, लेकिन उनके ओपनर्स बी साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने केकेआर के 247 रन के स्कोर का पीछा करने की पूरी कोशिश की। सुदर्शन तीसरे ओवर में कार्तिक त्यागी की गेंद लगने के बाद 13 गेंदों पर 23 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। लेकिन 17वें ओवर में, जब गिल आउट हुए, तब वह दोबारा बल्लेबाजी करने लौटे और फिर 15 गेंदों पर 30 और रन जोड़कर 28 गेंदों पर नाबाद 53 रन के स्कोर पर समाप्त किया।। इस पारी के साथ उनके इस सीजन में कुल रन 554 हो गए और वे रन बनाने वालों की सूची में शीर्ा पर पहुंच गए। यह उनके लिए नया नहीं है, क्योंकि वे आईपीएल 2025 में भी ऑरेंज कैप विजेता रहे थे। वहीं, गिल की इस सीजन की तीसरी 80-प्लस पारी ने उन्हें 552 रन के साथ दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया। इस दौरान उन्होंने अस्थाई रूप से हेनरिक क्लासेन को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के क्लासेन इस सीजन में 500 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र अन्य बल्लेबाज हैं, जिनके नाम 508 रन हैं। टॉप पांच में आगे विराट कोहली (आरसीबी) और क्लासेन के टीम-साथी अभिोक शर्मा शामिल हैं। कोहली के नाम 484 रन हैं, जबकि अभिोक ने 481 रन बनाए हैं। शीर्ष 10 से बाहर रहते हुए भी केकेआर के बल्लेबाज अंगकृा रघुवंशी ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने 44 गेंदों पर नाबाद 82 रन बनाए, जिससे वे 422 रन के साथ 13वें स्थान पर पहुंच गए। यह इस सीजन में उनका पांचवां अर्धशतक था। उनसे आगे केवल साई सुदर्शन हैं, जिनके नाम छह अर्धशतक और एक शतक दर्ज है, जबकि चार अन्य बल्लेबाजों के भी पांच-पांच अर्धशतक हैं। पर्पल कैप लीडरबोर्ड यहां ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिला। राशिद खान और त्यागी मैच से पहले 16 विकेट लेकर चार गेंदबा. जों के समूह में शामिल थे और विकेटलेस रहने के बाद वहीं बने रहे। राशिद और त्यागी के अलावा प्रिस यादव (एलएसजी) और एसआरएच के ईशान मलिंगा भी 16 विकेट के साथ मौजूद हैं। इन सबसे ऊपर आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार हैं।

## सिद्धांत बंथिया ने पुर्तगाल में एटीपी चैलेंजर युगल खिताब जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के सिद्धांत बंथिया और उनके बुल्गारियाई पार्टनर अलेक्जेंडर डोंस्की ने शनिवार को पुर्तगाल में एटीपी चैलेंजर 100 टेनिस टूर्नामेंट, ओइरास ओपन 4 में डबल्स टाइटल जीता। गैर वरीय इंडो-बुल्गारियाई जोड़ी ने फाइनल में पुर्तगाल के टियागो परेरा और स्पेन के डेविड वेगा हर्नांडेज को 6-3, 6-2 से हराया,

और क्ले कोर्ट पर एक घंटे और तीन मिनट में मुकाबला खत्म किया। भारतीय टेनिस खिलाड़ी और डोंस्की को शुरुआती सेट में आखिरी समय में मिली चुनौती का सामना करना पड़ा। चौथे गेम में अहम ब्रेक पाने के बाद, उन्होंने 5-3 के स्कोर पर सेट के लिए सर्व करते हुए एक ब्रेकपॉइंट बचाया और फिर 32 मिनट में सेट खत्म कर दिया। इसी मोमेंटम को




दूसरे सेट में भी जारी रखते हुए, इंडो-बुल्गारियाई जोड़ी ने तीसरे और सातवें गेम में सर्व तोड़कर जीत हासिल की।

यह टाइटल बंथिया का इस सीजन का दूसरा एटीपी चैलेंजर डबल्स क्राउन और कुल मिलाकर तीसरा था, जो उन्होंने डोंस्की के साथ जीता था। यह बुल्गारियाई खिलाड़ी के करियर का चौथा डबल्स टाइटल भी था। इस साल की शुरुआत में, बंथिया और डोंस्की ने दिल्ली ओपन एटीपी चैलेंजर 75 टूर्नामेंट में डबल्स टाइटल जीता था, जिसमें उन्होंने फाइनल में भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के प्रूच्या इसारो को हराया था।

## 'आईपीएल के सर्वकालिक सर्वश्रेठ खिलाड़ी' हैं नारायण: अंबाती रायुडू

**कोलकाता, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू का मानना है कि सुनील नारायण उनके हिंसाब से आईपीएल के सर्वकालिक सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। यह बयान तब आया जब नारायण ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ अपने चार ओवरों में 29 रन देकर 2 विकेट लिए और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की आईपीएल 2026 में 29 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई।

उनके प्रदर्शन के बाद रायुडू की बात से असहमत होना मुश्किल था। नारायण साल दर साल केकेआर के लिए मैच जिताते आए हैं और ऐसा नहीं लगता कि उनका रुकने का कोई इरादा है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में, नारायण को



उनके 200वें आईपीएल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुने जाने के बाद रायुडू ने कहा कि गेंद से मैच विनर, बल्ले से भी मैच विनर। आईपीएल में कई महान खिलाड़ी आए हैं, लेकिन यह खिलाड़ी हमेशा सबसे अलग दिखता है। मेरे लिए यह सूची में सबसे ऊपर है। संजय बांगर, जो रायुडू के साथ बैठे थे, उतने भावुक नहीं दिखे, लेकिन उन्होंने भी नारायण को आईपीएल इतिहास के अपने टॉप पांच खिलाड़ियों में रखा और उन्हें लीग का लीजेंड बताया। बांगर ने कहा कि इस लीग में कई महान खिलाड़ियों ने खेला है, लेकिन लंबा करियर भी मायने रखता है। उन्हें अपने गेंदबाजी ऐक्शन पर कई बार सवालों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने उसी ओवरस्पिन के साथ सफलता हासिल करने का नया तरीका खोज लिया, जिसके लिए वे जाने जाते हैं।

साथ ही, उन्होंने गेंद को दोनों तरफ टर्न कराने की क्षमता भी बरकरार रखी। यही चीज बल्लेबाजों के मन में भारी संदेह पैदा करती है। मुझे लगता है कि यही खूबियां उन्हें लीग का लीजेंड बनाती हैं। नारायण आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की सूची में केवल युजवेंद्र चहल (230 विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (220 विकेट) से पीछे हैं।

## चार कैच टपकाकर हम मैच जीतने के लायक नहीं थे: शुभमन गिल

**कोलकाता, वार्ता।** शुभमन गिल ने गुजरात टाइटन्स (जीटी) के फील्डर्स पर निशाना साधते हुए कहा कि हम जीतने के लायक नहीं थे, जब जीटी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ चार मौके गंवाए, जिनमें से तीन आसान थे। गिल ने जीटी के केकेआर से 29 रन से हारने के बाद कहा कि विकेट को देखकर, हमें लगा कि 200-220 एक बराबर स्कोर होगा।

लेकिन हमने बहुत सारे कैच छोड़े और जब आप एक गेम में तीन से चार कैच छोड़ते हैं, तो बॉलर्स के लिए यह कभी आसान नहीं होता। फिन एलन का दो बार कैच छूटा, एक बार जेसन होल्डर ने कवर्स में एक मुश्किल मौका




गंवाया जब वह 14 रन पर थे और फिर मोहम्मद सिराज ने 33 रन पर लॉन्ग-ऑन पर उनका आसान कैच छोड़ दिया। एलन ने 35 गेंदों पर 93 रन की जबरदस्त पारी खेली, जिससे केकेआर ने 247 रन बनाए, जो आईपीएल में जीटी के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। यहां तक कि कैमरून ग्रीन का भी 23 रन पर अरशद खान ने कैच छोड़ा, जबकि अंगकृा रघुवंशी का वाशिगटन सुंदर ने फाइन लेग पर कैच टपका दिया। दोनों बैट्समैन ने नाबाद फिफ्टी बनाईं। गिल ने कहा कि पिच अच्छी थी। कुछ गेंदें रुक रही थीं और टिक रही थीं। हमने जो स्कोर बनाया (218/4) उसके लिए हमने अच्छी बैटिंग की। लेकिन हमारी फील्डिग और बेहतर हो सकती थी। हमने एक खास स्टैंडर्ड सेट किया और इस तरह के गेम में तीन आसान विकेट गंवाने के बाद, मुझे नहीं लगता कि हम यह मैच जीतने के लायक थे। हालांकि, गिल ने इस गेम को सिर्फ एक और हार बताया और कहा कि अगर जीटी प्लेऑफ में जगह बना लेती है, तो बॉलर्स के लिए प्लेऑफ के बजाय अभी ऑफ डे लेना बेहतर होगा। गिल ने कहा कि क्वालिफायर के बजाय अभी ऐसा गेम होना बेहतर है, 240-250 का गेम, बॉलिंग का दिन खराब होना।

## स्वितोलिना ने तीसरी बार इटेलियन ओपन खिताब जीता

**रोम, वार्ता।** यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को एक और डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने का लंबा इंतजार करना पड़ा, लेकिन पूर्व वर्ल्ड नम्बर 3 ने शनिवार को शानदार अंदाज में यह कर दिखाया, उन्होंने तीसरी सीडेड कोको गॉफ को एक हाई-क्वालिटी फाइनल में 6-4, 6-7 (5), 6-2 से हराकर इटेलियन ओपन खिताब जीता।

यह जीत 2017 और 2018 में लगातार दो जीत के बाद रोम में स्वितोलिना का तीसरा टाइटल है। रोम में अपना पहला टाइटल जीतने की कोशिश कर रही गॉफ ने जोरदार शुरुआत की और दो बार ब्रेक करके 2-0 और 4-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, स्वितोलिना ने दोनों मौकों पर वापसी की। यूक्रेन की खिलाड़ी ने अहम नौवें गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर 5-4 की बढ़त बनाए रखी, फिर गॉफ की सर्विस तोड़कर पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। गॉफ, जो इस हफ्ते पहले ही तीन-तीन सेट के मैच खेल चुकी थीं, दूसरे सेट में भी स्वितोलिना के करीब रहीं। हालांकि अमेरिकी खिलाड़ी ने सेट के पहले तीन सर्विस गेम में हर बार ब्रेक पॉइंट हासिल किए, लेकिन 11वें गेम तक कोई भी खिलाड़ी ब्रेकथ्रू नहीं कर पाई। गॉफ ने ब्रेक करके 6-5 की बढ़त बना ली, लेकिन स्वितोलिना ने तुरंत ब्रेक करके वापसी की और टाईब्रेक के लिए मजबूर कर दिया। अमेरिकी खिलाड़ी ने टाईब्रेक 7-5 से जीतकर मैच बराबर कर दिया। स्वितोलिना ने जल्द ही आखिरी सेट में कंट्रोल हासिल कर लिया और पांचवें और सातवें गेम में ब्रेक करके 5-2 से आगे हो गईं। चैंपियनशिप के लिए सर्विस करते हुए, यूक्रेन की खिलाड़ी ने दो घंटे, 49 मिनट के बाद अपने तीसरे मैच पॉइंट को बदलने से पहले तीन ब्रेक पॉइंट बचाए। इस जीत से गॉफ के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-2 हो गया। जीत के बाद स्वितोलिना ने कहा कि पक्का यह बहुत मुश्किल मुकाबला था। मैं बहुत खुश हूं कि मैं अपनी घबराहट को कैसे संभाल पाई, सिर्फ आज ही नहीं बल्कि इस पूरे टूर्नामेंट में भी। मुझे लगता है कि पिछले दो हफ्ते मुश्किल रहे, लेकिन मैं जिस तरह से खेल रही हूं, जिस तरह से मेरा शरीर इन मुश्किल मैचों में रिएक्ट कर रहा है, उससे मैं बहुत खुश हूं। मुझे अपनी कोशिश पर बहुत गर्व है। स्वितोलिना ने ओपन एरा में डब्ल्यूटीए क्ले-कोर्ट फाइनल में 8-0 का सुधार किया।

# स्वगणना के लिए अब केवल चार दिन शेष : डीएम

## मण्डल में रामपुर की ऐतिहासिक जनभागीदारी, 50 हजार से अधिक लोगों ने किया ऑनलाइन पंजीकरण

**अब पीछे नहीं हटेंगे, हर परिवार करेगा स्वगणना**

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद में चल रहा ऑनलाइन स्वगणना अभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दे रहा है। मुरादाबाद मण्डल की जनसंख्या के आंकड़े से देखा जाय तो मण्डल में सबसे बड़ी भागीदारी दर्ज करते हुए 50 हजार से अधिक ऑनलाइन स्वगणना पंजीकरण का आंकड़ा पार कर लिया है। गांवों और शहरों में लोगों में अभियान को लेकर लगातार उत्साह बढ़ रहा है।

इस अभियान की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब गांव-शहर में हर जुबान पर एक ही संदेश सुनाई दे रहा है ख्र अबकी बार ना छूटे कार्ड। वहीं लोग यह भी कह रहे हैं कि "अब पीछे नहीं हटेंगे, हर परिवार करेगा स्वगणना।



अजय कुमार द्विवेदी
जिलाधिकारी रामपुर

प्रमुख जिला गणना अधिकारी/जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि ऑनलाइन स्वगणना के लिए अब केवल चार दिन शेष हैं।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि समय रहते स्वयं स्वगणना कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने में सहयोग करें। जनपद के सभी विभाग संयुक्त रूप से अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। तहसीलों, ब्लॉक कार्यालयों, रोजगार कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, विद्यालयों तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के माध्यम से आमजन को लगातार स्वगणना के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं स्वगणना से जुड़े कार्मिकों द्वारा लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी देकर स्वयं स्वगणना के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं, सरकारी सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को मजबूत आधार देने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

जितनी अधिक जनभागीदारी होगी, उतने ही सटीक आंकड़े प्राप्त होंगे। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा 21 मई 2026 तक उपलब्ध है। इसके बाद घर-घर सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य निर्धारित समय से पूर्व अधिकतम स्वगणना करना है।

## पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन एवं क्राइम मीटिंग आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस के तहत पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न थाना और शाखाओं से आए पुलिसकर्मियों की समस्याएं एवं सुझाव गंभीरता से सुने गए। अधिकारियों को उनके शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने अपराध समीक्षा गोष्ठी (क्राइम मीटिंग) कर कानून व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी और थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। संवे. दनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने पर भी जोर दिया गया। बैठक में आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा यक्ष ऐप पर बीट संबंधी सूचनाएं नियमित अपडेट करने के निर्देश भी थाना प्रभारियों को दिए गए।

# ओवरलोड डंपर का कहर ,एसडीएम की गाड़ी में मारी टक्कर , बड़ा हादसा टला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद के बिलासपुर क्षेत्र में देर रात ओवरलोड खनन वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान बड़ा हादसा होते-होते टल गया। उत्तराखंड बॉर्डर के पास ग्रीन पार्क इलाके में चेकिंग कर रहे बिलासपुर एसडीएम अरुण कुमार की सरकारी गाड़ी में ओवरलोड डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एसडीएम समेत वाहन में सवार चार लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बिलासपुर एसडीएम अरुण कुमार अपनी टीम के साथ देर रात ओवरलोड खनन वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान एक संदिग्ध डंपर को रोकने का इशारा किया गया। बताया जा रहा है कि डंपर में क्षमता से अधिक खनन सामग्री भरी हुई थी। ओवरलोड होने के कारण चालक ने अचानक ब्रेक लगाए, जिससे डंपर अनियंत्रित होकर सीधे



एसडीएम की सरकारी गाड़ी से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि सरकारी वाहन सड़क किनारे खड़ा था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। एसडीएम की गाड़ी में चालक रविन्द्र सागर, अर्दली महेंद्र सिंह और गार्ड विकास भी मौजूद थे, जो सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार होने लगा, लेकिन एसडीएम और चेकिंग टीम ने तत्काल पुलिस को सूचना देकर पीछा शुरू कर दिया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उत्तराखंड के किच्छा टोल प्लाजा के पास डंपर को पकड़ लिया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है, जबकि चालक को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि जिले में ओवरलोड खनन वाहनों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रशासनिक कार्रवाई और नियमित चेकिंग के बावजूद ओवरलोड डंपरों की आवाजाही थमने का नाम नहीं ले रही है। बीते सोमवार को भी मानपुर ओझा गांव में एक अनियंत्रित डंपर मकान में घुस गया था, जिसमें एक परिवार बाल-बाल बच गया था। उस घटना के बाद ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया था। अब एसडीएम की सरकारी गाड़ी को टक्कर मारने की घटना ने एक बार फिर जिले में ओवरलोड वाहनों पर लगाम लगाने और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि इस मामले में प्रशासनिक अधिकारी फिलहाल खुलकर कुछ भी बोलने से बचते नजर आ रहे हैं।

# आज़म खान परिवार पर दर्ज मुकदमों के विरोध में सपाइयों का जंतर मंतर पर धरना

**रामपुर जनपद के भी सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने की धरने में शिरकत**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और रामपुर के पूर्व सांसद मोहम्मद आजम खान और उनके परिवार पर दर्ज मुकदमों को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को दिल्ली के जंतर मंतर पर जोरदार प्रदर्शन किया।

जौनपुर से पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान के नेतृत्व में हुए इस धरना-प्रदर्शन में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने आजम खान, उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम और पूरे परिवार पर बकरी चोरी, मुर्गी चोरी, भैंस चोरी जैसे सैकड़ों मुकदमे दर्ज कर जेल में डालने का आरोप लगाया।

प्रदर्शनकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि आजम खान परिवार पर दर्ज सभी मुकदमे उत्तर प्रदेश से बाहर ट्रांसफर कर किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश से जांच कराई जाए। उनका कहना है कि मौजूदा माहौल




में निष्पक्ष सुनवाई संभव नहीं है।

मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि आजम खान और उनका परिवार राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच हो और परिवार को न्याय मिले। सपा नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर तेज किया जाएगा। इस अवसर पर सपा के रामपुर जिला अध्यक्ष अजय सागर, पूर्व विधायक विजय सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष फात्मा जवी, जिला पंचायत सदस्य अजीज हर ज्ञान सिंह यादव अहमद, शानी खान, प्रमोद गंगवार, अमरजीत सिंह, सैफनी के चेयर मैन फैजान खान, शाहवाद के चेयरमैन वसीम खान जावेद खान आसिम खान, आसिम राजा, इकरार हुसैन,फैसल खान अजय सिंघल नाजिम वारसी आदि थे।

## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में थाना शाहबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार शनिवार को सोशल मीडिया सेल को ट्वीटर (एक्स) के माध्यम से अभद्र टिप्पणी किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही थाना शाहबाद पुलिस सक्रिय हो गई और मामले की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी अमन पुत्र मोहम्मद जरीफ निवासी मोहल्ला कानूनगोयान, कस्बा एवं थाना शाहबाद, जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र एवं हेड कांस्टेबल अनिल कुमार शामिल रहे। थाना पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियां करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# विभिन्न गांवों में पहुंचे सांसद मोहिबुल्लाह नदवी, शोक संतप्त परिवारों को दी सांत्वना

( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने रविवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कई शोक संतप्त परिवारों से मिलकर संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा हज यात्रा पर जाने वाले जायरीन को मुबारकबाद देकर मुल्क और रामपुर की खुशहाली के लिए दुआ की अपील की।

सांसद सबसे पहले ग्राम नानकार रानी पहुंचे, जहां मोहम्मद दानिश पुत्र मोहम्मद याकूब के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उन्होंने जनाजे में शिरकत की और मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की। इसके बाद वह शिवनगर असालतपुर पहुंचे, जहां हज यात्रा पर जा रहे शकील साहब को मुबा. रकबाद देते हुए उनसे देश और जिले की तरक्की के लिए दुआ करने का अनुरोध किया।

इसके बाद सांसद ग्राम बिजड़ा पहुंचे, जहां हज पर जा रहे इंतजार साहब से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। वहीं ग्राम निस्वी



पटवाई में उन्होंने हीरा लाल के पिता के निधन पर शोक जताते हुए परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ग्राम सिघनखेड़ा भी पहुंचे, जहां उन्होंने नरेंद्र कुमार गुप्ता की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया। इसके बाद ग्राम खिदरपुर में फिरासत प्रधान की भाभी के इंतकाल पर जनाजे में शामिल होकर मरहूम के लिए दुआ की। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि एडवोकेट महबूब अली पाशा, हाजी अय्यूब, डॉ. मेंहदी हसन, हाफिज रफी नूरी, जमील सैफी, नासिर शेख, डॉ. उवैस खान, डॉ. मकतूब अहमद मुन्ना, डॉ. रियासत, डॉ. अब्दुल सलाम, आसिफ अली, युवा नेता सैफ, रामबहादुर सागर, नरेश यादव, बदन सिंह यादव और मास्टर अख्तर अली सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 20 मई को दवा व्यापार बंद का ऐलान, ई-फार्मेसी और कॉरपोरेट प्राइसिंग के खिलाफ केमिस्टों का मोर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** रविवार को दवा व्यापारियों ने 20 मई 2026 को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद को लेकर प्रशासन को अग्रिम सूचना दे दी है। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सैफनी ने थाना सैफनी को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि देशभर के केमिस्ट और दवा वितरक लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है।

एसोसिएशन ने बताया कि यह बंद ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD) के आह्वान पर किया जा रहा है, जिसमें देशभर के करीब 12.40 लाख दवा व्यापारी और उनसे जुड़े करोड़ों लोगों की आजी. विका का मुद्दा जुड़ा हुआ है। ज्ञापन में मुख्य रूप से अवैध ई-फार्मेसी संचालन पर रोक लगाने, बड़े



कॉरपोरेट घरानों द्वारा की जा रही 'प्रिडेटरी प्राइसिंग' बंद कराने तथा केंद्र सरकार की GSR 817 और GSR 220(E) अधिसूचनाओं को वापस लेने की मांग उठाई गई है। दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री और अनियंत्रित प्रतिस्पर्धा के चलते बिना डॉक्टर की पर्ची दवाओं की बिक्री बढ़ रही है, एंटीबायोटिक दवाओं का गलत इस्तेमाल हो रहा है और नकली पर्चों के जरिए मरीजों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है।

साथ ही गलत स्टोरेज के कारण दवाओं की गुणवत्ता पर भी खतरा मंडरा रहा है, जिससे एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (AMR) जैसी गंभीर समस्या बढ़ सकती है।

एसोसिएशन ने प्रशासन से मांगों के समर्थन में केंद्र सरकार तक उचित अनुशंसा भेजने की अपील की है। साथ ही 20 मई को होने वाले बंद की सूचना प्रशासन को पहले ही दे दी गई है ताकि कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिल सके। ज्ञापन पर अध्यक्ष दीपक कुमार बंसल, चेयरमैन उमेश चन्द्र गुप्ता, महामंत्री सलीम अहमद, कोषाध्यक्ष नौशाद अली तथा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता एडवोकेट सहित अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

## बिलासपुर में सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बलदेव सिंह औलख ने बिलासपुर क्षेत्र में विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। ग्राम पंजाबनगर से सदराखेड़ा मार्ग का निर्माण लगभग 55.49 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा, जबकि अलीपुर ठेका से गुरुद्वारे तक जाने वाले मार्ग पर करीब 68.67 लाख रुपये खर्च होंगे। राज्यमंत्री ने कहा कि इन सड़कों के बनने से ग्रामीणों और श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार गांव-गांव सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# जिला अस्पताल के पास खड़ी कार में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिला अस्पताल के पास रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सड़क किनारे खड़ी एक कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई और मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सड़क किनारे खड़ी थी, तभी उसमें से अचानक धुआं निकलना शुरू हुआ।

कुछ ही देर में आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। घटना के दौरान जिला अस्पताल के आसपास भारी भीड़ जमा हो गई और मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए।



स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग लगातार बढ़ती चली गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। शुरुआती तौर पर शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# आयुष्मान कैंप मे लोगों को मिली स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी।** नगर पंचायत के पुराने भवन में रविवार को आयुष्मान भारत योजना के तहत विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। कैंप में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने पहुंचकर योजना का लाभ उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्ति निरीक्षक श्री किशनलाल ने की।

इस दौरान वैक्सीन इंचार्ज नितेश शर्मा ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक किया। कैंप में राशन डीलर मेडियन झाऊ, विवेक भारती एवं शाने राशन डीलर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कैंप के दौरान आयुष्मान योजना के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं, मुफ्त इलाज और कार्ड बनवाने की



प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानक. री दी गई। आयोजन में विमल जोशी और शोभित शर्मा ने भी सहयोग किया।

स्थानीय लोगों ने ऐसे कैंपों को जनहित में उपयोगी बताते हुए प्रशासन और आयोजकों की सराहना की।

## हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी का आरोप, सोशल मीडिया पर शिकायत के बाद बढ़ा आक्रोश

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद।** सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। मामले को लेकर लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी रामपुर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि रविवार सुबह कोतवाली शाहबाद क्षेत्र के गांव टांडा निवासी एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर फोटो और वीडियो पोस्ट किए गए, जिनमें देवी-देवताओं के प्रति कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। पोस्ट वायरल होने के बाद लोगों में नाराजगी बढ़ गई और धार्मिक भावनाएं आहत होने की बात कही गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस तरह की पोस्ट से सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है।

मामले की जानकारी मिलते ही लोगों ने संबंधित पोस्ट के स्क्रीनशॉट और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की। कुछ लोगों ने एक्स पर मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को टैग करते हुए शिकायत दर्ज कराई।

इस संबंध में शाहबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि आरोपी युवक को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# बिना हेलमेट व कागजात के दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई, एक बुलेट सीज

( इकरार हुसैन )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसते हुए रविवार को टीएसआई प्रेमचंद सिंह की अध्यक्षता में नगर के अंबेडकर पार्क के पास सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों के चालान काटे। वहीं बिना कागजात के सड़क पर दौड़ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल को सीज कर थाने मे जमा। टीएसआई प्रेमचंद सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान मुख्य रूप से बिना हेलमेट, मोडिफाइड साइलेंसर हूटर बिना लाइसेंस, बिना आरसी व बीमा के चल रहे वाहनों की चेकिंग की गई। चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत



भी दी गई। चेकिंग अभियान में कांस्टेबल विकास कुमार, अजय कुमार व होमगार्ड मनीष कुमार मौजूद रहे। पुलिस ने चेतावनी दी कि आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### साफ्टवेयर टूल्स से चल रही जापान की अनोखी पार्टी 'मिराई'

**टोक्यो।** जापान की राजनीति में एक अनोखी पार्टी 'टीम फ्यूचर मिराई' चर्चा में है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समर्थक एजेंडे और टेक्नोलाजी आधारित राजनीति के वादे के साथ उभरी इस पार्टी का चेहरा अन्नो ताकाहिरो हैं, जो साफ्टवेयर इंजीनियर और एआई उद्यमी से पहले साइंस फिक्शन लेखक भी रहे हैं। ताकाहिरो सरकार और लोकतंत्र में भी इंजीनियरिंग सोच और टेक्नोलाजी के इस्तेमाल की पैरवी कर दुनिया में तकनीक-आधारित राजनीति की नई बहस को आगे बढ़ा रहे हैं।

### पद छोड़ने की तैयारी में हैं ब्रिटिश पीएम

**लंदन।** डेली मेल के स्तंभकार डैन हॉजेस ने सरकारी सूत्रों का हवाला देते हुए दावा किया है कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर स्वेच्छा से इस्तीफा देंगे। इससे पहले, स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी की हार के बाद लगभग 100 ब्रिटिश सांसदों ने स्टारमर के इस्तीफे की मांग की थी। फाइनेंशियल टाइम्स ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से बताया कि ब्रिटिश अधिकारियों को आशंका है कि सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के भीतर सत्ता संघर्ष सरकार के कामकाज को ठप्प कर सकता है।

### स्क्रिप्ट पढ़ता नहीं, सुनकर समझता हूं विजन: सलमान खान

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार सलमान खान ने अपने काम करने के तरीके को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि उन्होंने आज तक कभी किसी फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी नहीं, बल्कि हमेशा उसे सुनकर ही समझा है। सलमान खान ने भारतीय सिनेमा में एक ऐसे सुपरस्टार के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिनकी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं और कई पीढ़ियों में जबरदस्त फैन फॉलोइंग बनाई है। जहां सलमान खान को अक्सर ऐसा स्टार माना जाता है जो खुद भी राइटिंग से जुड़े रहे हैं।




शिमला। कफरी में गर्मी के मौसम में भारी पर्यटक भीड़ के कारण जाम में फंसे वाहन।

## नाइजीरिया में हथियारबंद बंदूकधारियों ने 45 स्कूली बच्चों का किया अपहरण

**अबूजा।** दक्षिण-पश्चिम नाइजीरिया के ओयो इलाके में हथियारबंद बंदूकधारियों ने 45 से अधिक स्कूली बच्चों का अपहरण कर लिया है। इस बेहद स्तब्ध करने वाली घटना को तीन अलग-अलग स्कूलों पर दिनदहाड़े एक समन्वित हमले के जरिए अंजाम दिया गया। स्थानीय अखबार 'पंच'की रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने ओरीरे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में सुबह की कक्षाओं के दौरान निशाना बनाया। उन्होंने यावोटा स्थित तीन प्राइमरी स्कूलों पर धावा बोला। मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी की और बच्चों को बंधक बनाकर पास के जंगली इलाकों में फरार हो गए।

# यूक्रेन का रूस पर 1000 ड्रोन से हमला

## सेमीकंडक्टर प्लांट, ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाया, 1 भारतीय समेत 4 की मौत

**मास्को।** यूक्रेन ने शनिवार रात को रूस के कई इलाकों पर 1000 से ज्यादा ड्रोन से हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 1 भारतीय मजदूर भी शामिल है। रूस में भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है।

दूतावास के मुताबिक 3 भारतीय घायल भी हैं। अधिकारियों ने हमले की जगह का दौरा किया और अस्पताल में भर्ती घायलों से मुलाकात भी की। अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। रूस के अधिकारियों ने बताया कि हमले में मास्को इलाके में तीन लोगों की मौत हुई, जबकि यूक्रेन सीमा से लगे बेलगोरोद इलाके में एक और व्यक्ति की जान गई। मास्को में कुल 12 लोग घायल हुए हैं। इनमें तेल रिफाइनरी में काम करने वाले मजदूर भी शामिल हैं। कीव इंडिपेंडेंस की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन ने मास्को इलाके में सैन्य और ईंधन से जुड़े अहम ठिकानों को निशाना बनाया। इनमें एंगस्ट्रेम प्लांट शामिल है, जो रूस की सेना के लिए सेमीकंडक्टर बनाता है। इसके अलावा मास्को आयल रिफाइनरी, सोलनेचनोगोर्स्क और वोलोडार्स्कोये ईंधन स्टेशन को भी निशाना बनाया गया। यूक्रेन ने दावा किया कि कब्जे वाले क्रीमिया में भी हमला किया गया। वहां बेलबेक एयरफील्ड पर एयर डिफेंस सिस्टम, एस-400 रडार सिस्टम का हैंगर, ड्रोन कंट्रोल सिस्टम, डेटा ट्रांसमिशन सेंटर और एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर को निशाना बनाया गया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, यह हमला हाल के महीनों में मास्को पर हुए सबसे बड़े यूक्रेनी ड्रोन हमलों में से एक था। रातभर राजधानी और आसपास के इलाकों में एयर रेड सायरन बजते रहे, कई धमाके सुनाई दिए और अलग-अलग जगहों पर मलबा गिरा। रूस के एक टेलीग्राम चैनल के मुताबिक, जेलेनोग्राद का एल्मा टेक्नोपार्क भी हमले में जल गया। यहां माइक्रोइलेक्ट्रानिक्स, रोबोटिक्स और रिसर्च से जुड़ी कंपनियां काम करती हैं। वहीं दुबना इलाके में राडुगा डिजाइन ब्यूरो को भी निशाना बनाए जाने की खबर है, जहां क्रूज मिसाइलें बनाई जाती हैं। ड्रोन हमलों का असर मास्को के एयरपोर्ट्स पर भी पड़ा। शेरमेत्येवो एयरपोर्ट पर करीब 200 फ्लाइट्स लेट या रद्द हुईं, जबकि व्नुकोवो एयरपोर्ट पर करीब 100 फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। एयरपोर्ट परिसर में ड्रोन के टुकड़े भी गिरे, हालांकि वहां किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने इस हमले को रूस के हमलों को जायज बताया है। उन्होंने कहा कि रूस लगातार यूक्रेन के आम नागरिकों को निशाना बना रहा है, इसलिए यह कार्रवाई की गई।



■ अभी तक मारे गए और घायल लोगों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है

# ढल रहा पश्चिमी देशों का वर्चस्व: गालिबफ

## ईरानी संसद अध्यक्ष ने कहा: ग्लोबल साउथ की अगुवाई में बन रही नई विश्व व्यवस्था

**तेहरान।** ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने रविवार को वैश्विक राजनीति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था अब एक नई विश्व व्यवस्था के मुहाने पर खड़ी है, जहां पश्चिमी देशों का पारंपरिक दबदबा तेजी से कमजोर हो रहा है और ग्लोबल साउथ का प्रभाव बढ़ रहा है। गालिबफ ने दावा किया कि यह बदलाव एक बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की ओर संकेत करता है, जिसमें शक्ति का केंद्र अब कुछ पश्चिमी देशों तक सीमित नहीं रहेगा। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए गालिबाफ ने कहा कि वैश्विक स्तर पर एक ऐतिहासिक परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के एक बयान का हवाला देते हुए कहा कि दुनिया एक ऐसे दौर में प्रवेश कर रही है जो पिछले सौ वर्षों में सबसे बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान का 70 दिनों का प्रतिरोध इस वैश्विक बदलाव को तेज करने वाला कारक बना है। ईरानी स्पीकर के बयान में अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका और पश्चिमी देशों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक दक्षिण के देश अब वैकल्पिक व्यवस्था की ओर देख रहे हैं, जहां आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रता को प्राथमिकता दी जा रही है। ईरानी राज्य मीडिया प्रेस टीवी के अनुसार, गालिबाफ ने यह भी कहा कि पुरानी एकध्रुवीय व्यवस्था अब अपनी पकड़ खो रही है और दुनिया नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है। गालिबाफ का यह बयान ऐसे समय में आया है जब वैश्विक मंच पर अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, टैरिफ और ताइवान जैसे मुद्दों पर तनाव बना हुआ है। हाल ही में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं की बैठक में भी वैश्विक व्यवस्था के बदलाव पर चर्चा हुई थी। वर्तमान समय में पश्चिम एशिया, यूरोप और एशिया में राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता के बीच दुनिया एक नए शक्ति संतुलन की ओर बढ़ रही है।



■ वैश्विक स्तर पर एक ऐतिहासिक परिवर्तन तेजी से आगे बढ़ रहा है: गालिबफ

### ईरान ने अपनी अधिकांश मिसाइल क्षमता रखी है बरकरार

**मॉस्को।** नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने अपनी अधिकांश मिसाइल क्षमता बरकरार रखी है। 'द इंडिपेंडेंट' अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी।

अखबार ने कहा कि खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि ईरान के पास अभी भी अपनी अधिकांश मिसाइलों और भूमिगत सुविधाओं तक पहुंच है। अखबार के सूत्रों के अनुसार, नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान ने अपनी कम से कम 60 प्रतिशत मिसाइल क्षमता बरकरार रखी है। इसके अलावा, उनके आंकड़ों के अनुसार, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का मानना है कि ईरान के 90 प्रतिशत लॉन्च स्थल और सैन्य भंडारण सुविधाएं अब आंशिक या पूरी तरह से चालू हैं, जिससे ईरान अमेरिका के साथ महीनों तक संघर्ष जारी रखने में सक्षम है। अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए। वाशिंगटन और तेहरान ने 8 अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी और ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से पारगमन के लिए विशेष नियमों की घोषणा की।

■ नाटो की खुफिया एजेंसियों का मानना है ईरान की भूमिगत सुविधाओं तक पहुंच है

### यूईएके न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन अटैक

**तेहरान।** यूईएके अल धफरा इलाके में स्थित बराकाह न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट के बाहर ड्रोन हमले के बाद एक बिजली जनरेटर में आग लग गई। अबू धाबी मीडिया आफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। साथ ही न्यूक्लियर प्लांट की सुरक्षा और रेडिएशन स्तर पर भी कोई असर नहीं पड़ा। अधिकारियों के मुताबिक, प्लांट की सभी जरूरी मशीनें और सिस्टम सामान्य तरीके से काम कर रहे हैं। हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन या देश ने नहीं ली है, लेकिन ईरान पर शक जताया जा रहा है। हाल के दिनों में ईरान लगातार यूईएको धमकी देता रहा है। युद्ध के दौरान यूईएमें इजराइल के एयर डिफेंस सिस्टम और अमेरिकी सैनिक मौजूद थे।

■ अबू धाबी मीडिया आफिस के मुताबिक इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ

# क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जान रैटक्लिफ की हवाना यात्रा के बाद क्यूबा में अमेरिकी हमले की आशंका बढ़ गई है। क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी हैं। देशभर में लोगों को गुरिल्ला युद्ध की ट्रेनिंग दी जा रही है और आपात स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, हवाना में कई सरकारी इमारतों को संभावित अमेरिकी हमले की स्थिति में तैयारी के निर्देश दिए गए हैं।

क्यूबा लंबे समय से अमेरिकी तेल नाकेबंदी और आर्थिक दबाव का सामना कर रहा है। हालात ऐसे हैं कि कई इलाकों में बिजली कटौती, ईंधन संकट और जरूरी सामानों की कमी बनी हुई है। क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डिआज कैनल ने अमेरिकी नाकेबंदी के खिलाफ इस महीने की शुरुआत में मार्च निकाला था। क्यूबा के सरकारी मीडिया में आम नागरिकों को सैन्य प्रशिक्षण लेते हुए दिखाया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, लोगों को पूर्व राष्ट्रपति फिदेल कास्त्रो की 'पूरी आबादी की लड़ाई' की रणनीति के तहत गुरिल्ला युद्ध सिखाया जा रहा है। कुछ वीडियो में सैनिक पुराने सोवियत हथियारों के साथ अभ्यास करते दिखाई दिए। एक वीडियो में एंटी-एयरक्राफ्ट गन को बैलों से खींचते हुए भी दिखाया गया। सैन्य इतिहासकार हाल क्लेपाक ने सीएनएन से कहा कि आधुनिक हथियारों की कमी के बावजूद क्यूबा की सेना अमेरिकी हमले का लंबा प्रतिरोध कर सकती है। उनके मुताबिक, प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी क्यूबा ने बड़े स्तर पर लोगों को संगठित करने की क्षमता दिखाई है। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख जान रैटक्लिफ इस हफ्ते क्यूबा की राजधानी हवाना पहुंचे। रिपोर्ट के मुताबिक वे 'यूनाइटेड स्टेट्स आफ अमेरिका' लिखे हुए विमान से पहुंचे थे, जिसने लोगों का ध्यान खींचा।

■ क्यूबा सरकार ने संभावित सैन्य टकराव को देखते हुए युद्ध जैसी तैयारियां तेज कर दी

# कांगो और युगांडा में इबोला से 246 सदिंग्ध संक्रमण और 80 संदिग्ध मौत

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रविवार को कांगो और युगांडा में फैले 'बुंदीबुग्यो' वायरस स्ट्रेन के कारण इबोला प्रकोप को 'अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित कर दिया है। डब्ल्यूएचओ ने यह बड़ा फैसला सीमा पार संक्रमण की पुष्टि, संदिग्ध मौतों के बढ़ते आंकड़ों और इस महामारी के पूरे क्षेत्र में तेजी से फैलने की आशंका के मद्देनजर लिया है।

यह वैश्विक घोषणा पूर्वी कांगो के इतूरी प्रांत और युगांडा की राजधानी कंपाला में प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए इबोला मामलों के सामने आने के बाद की गई है, जिसमें कम से कम एक मौत भी शामिल है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस बीमारी का प्रकोप वर्तमान में पाए गए मामलों की तुलना में कहीं अधिक बड़ा हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, 16 मई तक इतूरी प्रांत के कम से कम तीन स्वास्थ्य क्षेत्रों (बुन्या, वर्मपारा और मोंगबवालु) में 8 पुष्ट मामले, 246 संदिग्ध संक्रमण और 80 संदिग्ध मौतें दर्ज की जा चुकी हैं। युगांडा ने पिछले 24 घंटों के भीतर कंपाला में इबोला के दो मामलों की पुष्टि की है, और ये दोनों मरीज कांगो से आए यात्री हैं। इनमें से एक मरीज की मौत हो चुकी है और दोनों को गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था। इसके अलावा, इतूरी से लौटे एक यात्री में किन्शासा के भीतर भी एक अलग पुष्ट मामला पाया गया है, जिससे घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संक्रमण फैलने की चिंताएं बहुत बढ़ गई हैं। डब्ल्यूएचओ ने अपने आपातकालीन निर्धारण में कहा कि यह घटना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बीमारी के प्रसार के माध्यम से अन्य देशों के लिए एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी ने इसे अभी 'महामारी' घोषित नहीं किया है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय संचरण के जोखिम, कमजोर स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और 'बुंदीबुग्यो' स्ट्रेन को निशाना बनाने वाले स्वीकृत टीकों या सटीक इलाज की अनुपस्थिति के कारण इसने वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल के पैमाने को पार कर लिया है।

■ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने घोषित किया अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल

# पाक में पेट्रोल-डीजल 5 रुपये सस्ता हुआ

## पेट्रोल 409.78 और हाई-स्पीड डीजल 409.58 रुपये लीटर मिल रहा, भारत में 3-3 महंगे हुए थे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 रुपये लीटर (पाकिस्तानी रुपया) की कटौती की है। इसके बाद अब पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 409.78 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत 409.58 रुपये प्रति लीटर पर आ गई है।

नई कीमतें आज यानी 16 मई से लागू हो गई हैं। हाल के दिनों में लगातार बढ़ती कीमतों के बाद इस कमी से मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के बजट को थोड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि पेट्रोल का सीधा असर मोटरसाइकिल, रिक्शा और छोटी गाड़ियों पर पड़ता है। पाकिस्तान सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को पेट्रोलियम कीमतों की समीक्षा कर रही है। दरअसल, 28 फरवरी से अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुए युद्ध (जो फिलहाल थमा हुआ है) के बाद से ही पाकिस्तान में ईंधन संकट है। पाक सरकार ने भले ही 5 रुपये की राहत दी है, लेकिन ठीक एक हफ्ते पहले पेट्रोल की कीमतों में 14.92 और डीजल में 15 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद, सरकार ने 6 मार्च को पेट्रोल-डीजल 55 रुपये लीटर महंगा कर दिया था। 2 अप्रैल को पेट्रोल में 43 प्रतिशत और हाई-स्पीड डीजल की कीमतों में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। पाकिस्तान के इस्लामाबाद में 15 मई 2026 को एक विरोध रैली हुई। इसमें सरकार से ईंधन (पेट्रोल-डीजल) के दाम कम करने की मांग की थी। भारत में 15 मई को पेट्रोल और डीजल की कीमतें 3-3 रुपये प्रति लीटर बढ़ी थीं। इससे दिल्ली में पेट्रोल 97.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.67 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। वहीं, कंपनियों ने प्रमुख शहरों में सीएनजी भी 2 प्रति किलो तक महंगी कर दी। दिल्ली में अब एक किलो सीएनजी के लिए 79.09 खर्च करने पड़ रहे हैं। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है।



■ पाक सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को पेट्रोलियम कीमतों की समीक्षा कर रही है

### पाक के लाहौर में 9 जगहों के नाम बदले गए

**इस्लामाबाद।** अमृतसर से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लाहौर जड़ों की ओर लौट रहा है। दो महीने के भीतर लाहौर में 9 जगहों के इस्लामी नाम फिर से मूल हिंदू या ब्रिटिश विरासत पर रखे गए हैं। इनमें इस्लामपुरा अब अपने पुराने नाम कृष्णनगर और बाबरी मस्जिद चौक अब पुराने जैन मंदिर चौक के नाम से आधिकारिक रूप से जाना जाएगा। इनके बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। खास बात यह भी है कि इस बदलाव के खिलाफ वहां कोई कट्टरपंथी मोर्चा भी नहीं खोल पाया। पंजाब सूबे की सीएम मरियम नवाज के अनुसार परकोटा शहर लाहौर के आठों दरवाजे जिनमें दिल्ली गेट भी शामिल है।

### मलयालम फिल्म 'अम्मा एरियन' का कान्स फिल्म महोत्सव में हुआ प्रीमियर

**कान्स।** दिवंगत निर्देशक जॉन अब्राहम की 1986 की प्रशंसित मलयालम फिल्म 'अम्मा एरियन' के नवीनीकृत संस्करण का प्रीमियर 79वें कान्स फिल्म महोत्सव के 'कान्स क्लासिक्स' सेक्शन में शनिवार को संपन्न हुआ। दिवंगत अब्राहम अपनी 'अग्रहरथिल कजुताई' (ब्राह्मण गांव में गधा), विद्यार्थीकले इथिले इथिले (इस तरह, विद्यार्थी ) और चेरियाचांते क्रूराकृतिगल (चेरियाचन की क्रूरता) जैसे क्लासिक फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी मौत 1987 में 'अम्मा एरियन' के एक साल बाद हुई। 'अम्मा एरियन' के प्रमुख अभिनेता जॉय मैथ्यू फिल्म के प्रीमियर पर मौजूद थे। कान्स फिल्म महोत्सव के प्रतिनिधि थिएरी फ्रेमॉक्स ने कहा कि भारत एक महान देश है और सिनेमा का वह एक महान क्षेत्र है। यह सिनेमा के इतिहास को फिर से देखने के लिए भी एक महान क्षेत्र है। इसने प्रीमियर में अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों को फिल्म दिखाई।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

RECRUITMENT 2026
THE S.D. DEGREE COLLEGE
NIRANA, JANSATH ROAD, MUZAFFARNAGAR, 251001
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, SAHARANPUR)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR FACULTY POSITIONS
(Asst. Professor, Assoc. Professor & Professor)
DISCIPLINES
▪ BBA, BCA, B.Com. B.Sc. (PCM,CBZ, Micro Biology)
▪ BA (Hindi, English, Political Science, Sociology, History, Educaton, Drawing & Painting
QUALIFICATION UGC NET, Ph.D
SALARY As Per University Norms
APPLY WITHIN 15 DAYS
SEND YOUR RESUME TO:
thesddegree@gmail.com
Attach copies of all degrees and testimonials.
Paste a colored photograph on the CV.

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज • बांझपन का इलाज
• बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
• परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा ।
• हाईरिस्क गर्भावस्था
• बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
• बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
• नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004